* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

03 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 43


फिर जमेगी कपिल शर्मा और गुत्थी की जोड़ी, कॉमेडियन बोले-परिवार पूरा हुआ



## शराब घोटाला

# आप सांसद के खिलाफ इडी ने चार्जशीट फाइल की

**संजय सिंह पर दो करोड़ रुपये रिश्वत लेने का आरोप**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के खिलाफ शराब घोटाला मामले में इडी ने पहली चार्जशीट फाइल कर दी है। इडी ने पीएमएलए के तहत संजय सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में यह पांचवीं सप्लीमेंट्री चार्जशीट है। इडी ने 60 पन्नों की चार्जशीट फाइल की है, जिसमें संजय सिंह पर अपने आवास पर दो करोड़ रुपये की रिश्वत लेने समेत अन्य आरोप लगाये गये हैं।

गौरतलब है कि केंद्रीय एजेंसी ने 4 अक्टूबर को संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। एजेंसी ने चार्जशीट में संजय सिंह के करीबी सर्वेश मिश्रा का भी नाम लिखा है। इस मामले की सुनवाई अब 4 दिसंबर को होनी है। एजेंसी का कहना है कि सर्वेश मिश्रा के माध्यम से संजय सिंह को 2 करोड़ रुपये की रिश्वत दी गयी थी। इसके अलावा यह भी आरोप है कि संजय सिंह ने एक्साइज पॉलिसी में बदलाव को लेकर दिनेश अरोड़ा का साथ दिया था। दिनेश अरोड़ा ने संजय सिंह के आवास पर दो करोड़ रुपये पहुंचाये थे। हालांकि संजय सिंह ने पहले ही इन आरोपों से इनकार किया था।

इडी कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक भ्रष्टाचार मामले पर सुनवाई

# विधायक, अधिकारी और कारोबारी को लगा झटका

रांची/नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। राज्य में अवैध खनन, मनरेगा घोटाला, मनी लांड्रिंग, शराब घोटला, यौन शोषण समेत अलग-अलग मामलों में नेता, अधिकारी, कारोबारी फंसे हुए हैं। इनके मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक अलग-अलग मामलों की सुनवाई हुई। इनमें विधायक प्रदीप यादव, निलंबित आइएएस पूजा सिंघल और कारोबारी योगेंद्र तिवारी शामिल हैं। सभी को अपने-अपने मामले में कोर्ट से झटका लगा। जिन वजहों को लेकर ये आरोपी कोर्ट गये थे, उसमें उन्हें राहत नहीं मिली। वहीं निलंबित आइएएस छवि रंजन जमानत के लिए अब सुप्रीम कोर्ट की शरण में गये हैं। अब वहां सुनवाई के बाद उनकी जमानत पर फैसला होगा।

## यौन शोषण मामले में प्रदीप यादव को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

रांची। विधायक प्रदीप यादव को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने विधायक की याचिका को खारिज कर दिया है। अब मामले की सुनवाई निजली अदालत में ही जारी रहेगी। इस फैसले के बाद प्रदीप यादव को निचली अदालत में ट्रायल का सामना करना पड़ेगा। गौरतलब है कि निचली अदालत में चल रहे यौन शोषण से जुड़े मामले को खारिज करने को लेकर दायर याचिका को झारखंड हाइकोर्ट ने बीते 1 सितंबर को खारिज कर दिया था।



उसके बाद प्रदीप यादव की ओर से इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गयी। इसे सुप्रीम कोर्ट ने भी खारिज कर दिया। दरअसल यौन शोषण से जुड़ा मामला 20 अप्रैल 2019 का है। उस वक्त प्रदीप यादव झाविमो के महासचिव थे। उसी दौरान उनकी ही पार्टी की एक महिला नेत्री रिंकी झा ने होटल में बुला कर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। इस पूरे मामले को लेकर रिंकी झा ने थाना में यौन उत्पीड़न का केस दर्ज करवाया था।

## पूजा सिंघल की जमानत अर्जी पर सुनवाई अब 14 दिसंबर को

रांची। मनी लांड्रिंग की आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की जमानत अर्जी पर शनिवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धुलिया की बेंच में सुनवाई हुई। पूजा सिंघल की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ लुथरा ने बहस की। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत को बताया गया कि पूजा सिंघल से जुड़े मनी लांड्रिंग केस में निचली अदालत में दो महत्वपूर्ण गवाहों का बयान दर्ज हो गया है, लेकिन चुनाव ड्यूटी में कार्यरत रहने के कारण एक गवाह का बयान फिलहाल दर्ज नहीं हो सका है। इसके बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 14 दिसंबर की तिथि निर्धारित कर दी। गौरतलब है कि पूजा सिंघल ने इसी साल 12 अप्रैल को कोर्ट में सरेंडर किया था। तब से वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं। झारखंड के खूंटी में हुए मनरेगा घोटाला मामले में इडी ने पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था। इसी केस में उनके पति अभिषेक झा भी आरोपी हैं।



## रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन जमानत के लिए पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

रांची। जमीन घोटाले मामले में गिरफ्तार आइएएस छविरंजन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में बेल के लिए जमानत याचिका दाखिल की है। गौरतलब है कि छवि रंजन रांची के डीसी थे, तब उनके कार्यकाल में बड़े पैमाने पर फर्जी कागजात के आधार पर जमीन की खरीद-बिक्री की गयी। इनमें बरियातू स्थित सेना की जमीन भी शामिल थी। इस मामले में छवि रंजन समेत अन्य आठ लोगों को इडी ने गिरफ्तार किया था। सभी फिलहाल जेल में बंद हैं। छविरंजन भी अभी जेल में हैं। उन्हें इस साल 4 मई को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था। वह तब से जेल में हैं। उन पर जमीन फर्जीवाड़े मामले में सहयोग का आरोप है। रांची में सेना की जमीन समेत अन्य जमीनों की खरीद बिक्री में उनकी भूमिका संदिग्ध पायी गयी थी। छविरंजन लंबे समय से जमानत का प्रयास कर रहे हैं। इडी कोर्ट और हाइकोर्ट में वह जमानत का प्रयास कर चुके हैं। अब सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं।



## योगेंद्र तिवारी की जमानत पर सुनवाई 6 दिसंबर को

रांची। शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका पर इडी कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर इडी से जवाब मांगा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 6 दिसंबर निर्धारित की है। गौरतलब है कि इससे पूर्व इडी ने योगेंद्र तिवारी की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद कोर्ट में पेश किया था, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। इडी ने तिवारी को 19 अक्टूबर को देर शाम गिरफ्तार किया था।

## साहिबगंज एसपी नौशाद को इडी का तीसरा समन

रांची। इडी ने साहिबगंज के एसपी नौशाद आलम को 6 दिसंबर को पूछताछ के लिए फिर से बुलाया है। इसके लिए उन्हें तीसरा समन भेजा गया है। एसपी नौशाद आलम से इससे पूर्व बीते 28 नवंबर को भी पूछताछ हो चुकी है। गौरतलब है कि साहिबगंज एसपी पर 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में इडी के गवाह विजय हांसदा को धमका कर बयान बदलने का दबाव बनाने का आरोप है। साहिबगंज एसपी को पहली बार 22 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया था। वह हाजिर नहीं हुए थे। इसके बाद दूसरा समन कर 28 नवंबर को बुलाया गया था। इस दिन इडी अधिकारियों ने उनसे लंबी पूछताछ की थी। अब फिर एक बार 6 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

# चार राज्यों में मतगणना आज

**मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में सुबह सात बजे शुरू होगी वोटों की गिनती**

**मिजोरम में मतगणना 4 दिसंबर को होगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चार राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम के चुनावी परिणाम पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। इन चार राज्यों में मतगणना रविवार सुबह सात बजे से शुरू होगी। उम्मीद है कि 10 बजे के बाद एक-एक कर रिजल्ट आना शुरू हो जायेगा। शाम तक चारों राज्यों की सभी सीटों की मतगणना समाप्त होगी। इसी के साथ किसकी सरकार बनेगी, यह साफ हो जायेगा। वहीं, मिजोरम में मतगणना 5 दिसंबर को होगी। इसलिए यहां के नतीजे के लिए एक दिन और इंतजार करना होगा। मतगणना से एक दिन पहले सभी दलों के नेताओं के अपने-अपने दावे शुरू हो गये हैं। भाजपा-कांग्रेस समेत अन्य दल भारी मतों से विजयी होने और सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं। वहीं, नेताओं की आपस में भविष्य की रणनीति पर चर्चा चल रही है। एग्जिट पोल के दावों का आकलन किया जा रहा है। आयोग ने सभी राज्यों में मतगणना की तैयारी पूरी कर ली है।

# 15 तक तैयार हो जायेगा अयोध्या का श्रीराम एयरपोर्ट

**लखनऊ (आजाद सिपाही)।** अयोध्या का मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा 15 दिसंबर तक बन कर तैयार हो जायेगा। इसका लोकार्पण 22 जनवरी को रामलला के नये मंदिर में विराजने के पहले किया जायेगा। इसी के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी शुरू हो जायेंगी। यह जानकारी शनिवार को एयरपोर्ट के निर्माण कार्य का निरीक्षण और समीक्षा करने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दी। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह भी मौजूद रहे।

## आंध्र प्रदेश से 5 को टकरायेगा मिचौंग तूफान

चेन्नई (आजाद सिपाही)। बंगाल की खाड़ी में बन रहा कम दबाव का क्षेत्र शनिवार को डीप डिप्रेशन में बदल गया। भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) के मुताबिक, अगले 24 घंटे में यह चक्रवात का रूप ले लेगा। इस तूफान का नाम मिचौंग रखा गया है। आइएमडी ने बताया कि 5 दिसंबर की सुबह तूफान आंध्र प्रदेश के नेल्लोर और मछलीपट्टनम तट को पार करेगा। उस समय तूफान की स्पीड 80-90 किमी प्रति घंटे होगी। तीन राज्यों तामिलनाडू, आंध्र प्रदेश, ओड़िशा और पुडुचेरी को अलर्ट किया गया है।









आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,900 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो



# खतरनाक है बिहार की स्कूली शिक्षा व्यवस्था में पैदा हुआ विवाद

## ■ पहले छुट्टियों की सूची को लेकर नीतीश सरकार ने खड़ा किया बड़ा बखेड़ा

## ■ अब संस्कृत की परीक्षा में इस्लाम धर्म से संबंधित प्रश्न पूछने पर हुआ विवाद

## ■ बड़ा सवाल : क्यों बिहार में स्कूल बन गये हैं हिंदू-मुस्लिम राजनीति का अखाड़ा

**बिहार में स्कूली शिक्षा व्यवस्था एक बार फिर गहरे विवाद में फंस गयी है। पहले स्कूली छुट्टियों के नये कैलेंडर पर हिंदू-मुस्लिम पर बहस छिड़ गयी थी और अब संस्कृत की परीक्षा में इस्लाम धर्म के बारे में सवाल पूछने पर बखेड़ा खड़ा हो गया है। इन दोनों विवादों के बाद बिहार की नीतीश कुमार सरकार पर शिक्षा का इस्लामीकरण करने के आरोप लगाये जा रहे हैं। भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों ने साफ तौर पर कहा है कि नीतीश कुमार की नेतृत्व वाली जदयू-राजद-कांग्रेस की महागठबंधन सरकार इस तरह के फैसले लेकर मुस्लिम तुष्टीकरण की नीति अपना रही है। इसलिए पहले मुस्लिम त्याहोरों पर छुट्टियां बढ़ा दी गयीं और हिंदू पर्वों की छुट्टियां या तो खत्म कर दी गयीं या घटा दी गयीं। इसके बाद नौवीं की परीक्षा में संस्कृत के पेपर में ईद और मुहर्रम से संबंधित सवाल पूछे गये, जिससे साफ होता है कि नीतीश सरकार की नीयत साफ नहीं है। इससे पहले भी मुस्लिम बाहुल्य स्कूलों में शुक्रवार की छुट्टी पर भी विवाद हो चुका है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि बिहार में स्कूल क्यों हिंदू-मुस्लिम राजनीति का अखाड़ा बन गये हैं। यह दुखद तो है, भविष्य के लिए खतरनाक भी है। बच्चों के मन में इस तरह की राजनीति का रंग भरना कहीं से भी उचित नहीं ठहराया जा सकता है। नीतीश कुमार सरकार पर क्यों लग रहे हैं शिक्षा के इस्लामीकरण के आरोप और इसके क्या परिणाम हो सकते हैं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। राज्य के स्कूलों में पहले छुट्टियों के मामले को लेकर विवाद पैदा हुआ। उसके बाद अब संस्कृत की परीक्षा में इस्लाम धर्म से संबंधित सवाल पूछे जाने पर विवाद खड़ा हो गया है। मामला इतना गरम हो गया कि नीतीश कुमार सरकार पर शिक्षा के इस्लामीकरण का आरोप तक लगने लगा और इसने राजनीतिक रंग अख्तियार कर लिया है।

### पहले छुट्टियों की सूची को लेकर हुआ विवाद

मामला शुरू हुआ छुट्टियों की सूची से। स्कूली शिक्षा विभाग ने साल 2024 की छुट्टियों का नया कैलेंडर जारी किया था। इसमें कई बदलाव किये गये थे। रक्षाबंधन, तीज और जिउतिया जैसे पर्वों की छुट्टियों को खत्म कर दिया गया था। साथ ही दुर्गा पूजा पर छुट्टी घटा दी गयी थी। दूसरी ओर ईद और बकरीद पर छुट्टियों की संख्या बढ़ा दी गयी थी। सरकार के इस फैसले ने बड़ा विवाद पैदा कर दिया था। भाजपा समेत अन्य विपक्षी दलों ने नीतीश सरकार पर मुस्लिम तुष्टीकरण के आरोप लगाये। भाजपा ने नीतीश सरकार को हिंदू और सनातन विरोधी बता दिया। भाजपा के नेता यहां तक कहने लगे थे कि बिहार को पाकिस्तान क्यों नहीं बना देते। विवाद बढ़ता देख सरकार ने फैसला वापस ले लिया और छुट्टियों का संशोधित कैलेंडर जारी कर दिया।

### पहले भी सरकार को वापस लेना पड़ा था आदेश

इससे पहले अगस्त महीने में भी शिक्षा विभाग द्वारा ऐसा ही एक आदेश जारी हुआ था। उस समय नीतीश सरकार ने रक्षाबंधन की छुट्टी खत्म कर दी थी। साथ ही दिवाली, छठ, दुर्गा पूजा जैसे पर्वों पर छुट्टियों में कटौती की गयी थी। इस पर जमकर सियासी बवाल हुआ था। इसके बाद सरकार ने यह आदेश वापस ले लिया था।

### शुक्रवार के साप्ताहिक अवकाश पर भी विवाद

पिछले साल किशनगंज समेत सीमांचल के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में रविवार के बजाय शुक्रवार को साप्ताहिक अवकाश रखने पर भी बिहार में सियासी विवाद हो चुका है। शिक्षा विभाग की ओर से नये आदेश में उर्दू स्कूलों के अंदर शुक्रवार का साप्ताहिक अवकाश रखने की बात कही है। इसके अलावा जिन स्कूलों में मुस्लिम छात्र बहुतायत में हैं, वहां भी शुक्रवार को छुट्टी रखी जा सकेगी। इसके लिए जिलाधिकारी से अनुमति लेनी होगी।

दरअसल, शुक्रवार के दिन जुमे की नमाज होती है। अब भाजपा ने इस पर भी आपत्ति जतायी है।



### लग रहा इस्लामीकरण का आरोप

छुट्टियों की सूची का विवाद अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि बिहार की स्कूली शिक्षा व्यवस्था नये विवाद में फंस गयी। दरअसल बिहार बोर्ड में कक्षा नौ की संस्कृत की पुस्तक में मुस्लिमों के पर्व ईद के बारे में पढ़ाया जा रहा है। इसी तरह नौवीं और 10वीं कक्षा में इसी विषय में मुस्लिम पात्रों के नाम ठूंस दिये गये हैं। मतलब यह कि हिंदू विद्यार्थियों को इस्लामी पर्व के बारे में पढ़ाया जा रहा है, उन्हें उर्दू के शब्द सिखाये जा रहे हैं, जबकि उर्दू में हिंदू त्योहारों के बारे में एक शब्द भी नहीं है। हिंदी का पाठ्यक्रम तो अपने आपमें विचित्र है। नौवीं और 10वीं कक्षा के हिंदी के पाठ्यक्रम में प्रेमचंद की एक भी रचना शामिल नहीं की गयी है। इसकी जगह बच्चों को श्रम विभाजन और जातिवाद का मतलब पढ़ाया जा रहा है। 10वीं के विद्यार्थियों को 'नौबतखाने में इबादत', जबकि नौवीं में नीतीश कुमार और सोनिया गांधी पर निबंध पढ़ाये जा रहे हैं। नीतीश सरकार पर शिक्षा के इस्लामीकरण के आरोप उस समय लगे, जब अक्टूबर माह में नौवीं कक्षा में मासिक परीक्षा में ईद से संबंधित सवाल पूछे गये। तब संस्कृत के इस्लामीकरण का खुलासा हुआ। संस्कृत की परीक्षा में ईद से जुड़े 10 प्रश्न पूछे गये थे, जिसमें इफ्तार क्या होता है, रोजा किस समय खोला जाता है, क्या देख कर खोल जाता है, फितरा किसे कहते हैं, ईद में क्या-क्या पकवान बनते हैं, ईद कैसा पर्व है जैसे सवाल शामिल थे।

### विवादों के केंद्र में केके पाठक

दरअसल, इन सभी विवादों के केंद्र में एक नौकरशाह केके पाठक हैं। उन्होंने जब से शिक्षा विभाग में अपर मुख्य सचिव का पद संभाला है, तब से वह नये-नये प्रयोग कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने आदेश दिया था कि बिहार के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों को अब हर महीने परीक्षा देनी होगी। इसी आदेश के तहत नौवीं कक्षा की संस्कृत की परीक्षा हुई थी।

महत्वपूर्ण बात यह है कि संस्कृत में इस्लाम का घालमेल केवल एक अध्याय तक सीमित नहीं है। नौवीं और 10वीं में संस्कृत में ही कई अध्याय हैं, जिसमें मुस्लिम नाम वाले चरित्र को वार्तालाप में शामिल किया गया है। नौवीं में संस्कृत के पांचवें अध्याय 'संस्कृतस्य महिमा' में कमाल और रहीम को शिक्षक के साथ वार्तालाप करते दिखाया गया है।

### खतरनाक है इस तरह का विवाद

स्कूली शिक्षा में इस तरह के प्रयोग और ऐसा विवाद राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टिकोण से भले ही लाभदायक प्रतीत हो रहा हो, भविष्य के लिए यह खतरनाक ही होगा। भारतीय शिक्षा की पुरातन प्रणाली को अंग्रेजी शासन द्वारा खत्म किये जाने का दुष्परिणाम देश आज भी भुगत रहा है। भारत की प्राचीन विधाएं, आयुर्वेद, ज्योतिष विज्ञान और उपचार संहिता विलुप्त होती जा रही हैं। दूसरी तरफ अंग्रेजों द्वारा शुरू की गयी नयी शिक्षा व्यवस्था हमारी जड़ों को ही खोखला कर रही है। बिहार जैसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील राज्य में इस तरह के प्रयोग से न केवल विवाद पैदा होगा, बल्कि इसका असर आनेवाली पीढ़ियों पर भी पड़ेगा, जिसका दुष्परिणाम पूरे देश को भुगतना होगा। इसलिए ऐसे प्रयोगों से बचने की जरूरत है।

---

**राजनीतिक हलचल**

# जीत के बाद क्या यूपी स्टाइल में भाजपा बालक नाथ को बनायेगी राजस्थान का योगी

### वसुंधरा, गजेंद्र और दिया की टेंशन बढ़ी

**राजस्थान** में एग्जिट पोल आने के बाद भाजपा की सियासत गर्म होने लगी है। मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर भाजपा में सुगबुगाहट शुरू हो गयी है। एग्जिट पोल के आंकड़ों में भाजपा की तरफ से लोगों ने बाबा बालक नाथ को सबसे पसंदीदा चेहरा बताया है। वहीं वसुंधरा राजे भी पीछे नही हैं।

ऐसे में सियासी गलियारों में चर्चा है कि अगर भाजपा बहुमत हासिल करती है, तो क्या इस बार राजस्थान से बाबा बालक नाथ मुख्यमंत्री होंगे? इसके चलते बाबा बालक नाथ ने बीजेपी में मुख्यमंत्री के दावेदार वसुंधरा, गजेंद्र सिंह, दिया कुमारी और अर्जुन राम के लिए टेंशन खड़ी कर दी है। तिजारा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी बालक नाथ का नामांकन दाखिल करने के लिए खुद यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ आये थे। इसके बाद राजस्थान की सियासत में बाबा बालक नाथ को राजस्थान के योगी के रूप में पहचाना जा रहा है। चर्चा है कि शायद बीजेपी इस बार यूपी स्टाइल में बालकनाथ को मुख्यमंत्री बना सकती है।

वैसे तो बीजेपी ने राजस्थान में बिना किसी मुख्यमंत्री के चेहरे के चुनाव लड़ा है। पीएम मोदी ने कई बार कहा कि भाजपा के बहुमत हासिल करने के बाद तय किया जायेगा कि मुख्यमंत्री कौन होगा। अभी आपको केवल कमल के निशान को वोट देना है। फिर भी बीजेपी में मुख्यमंत्री को लेकर कुछ चेहरे काफी सुर्खियों में हैं। इनमें वसुंधरा राजे, गजेंद्र सिंह शेखावत, दिया कुमारी और अर्जुन राम मेघवाल हैं, लेकिन वर्तमान एग्जिट पोल के आंकड़ों के अनुसार बाबा बालक नाथ इन सब पर भारी पड़ रहे हैं। बीते कई महीनों से बीजेपी में मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर सस्पेंस बरकरार है। इस बार बीजेपी ने विधानसभा का चुनाव बिना मुख्यमंत्री के चेहरे पर लड़ा है। इसको लेकर बाबा बालक नाथ का नाम काफी सुर्खियों में है।

सीएम की दावेदारी को लेकर बालक नाथ ने कहा कि वह पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आदेश का पालन करते हैं। इसके अलावा हमें कुछ नहीं आता है।

**नतीजों से पहले 'बेंगलुरु में दो रिसॉर्ट बुक'**

## जनता के पैसों को पानी की तरह बहाना कांग्रेस की आदत: किरोड़ी लाल मीणा

राजस्थान विधानसभा चुनाव की 200 में से 199 सीट पर वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में जीतने वाले कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए बेंगलुरु के दो रिसॉर्ट बुक हैं। कांग्रेस के सभी विजयी उम्मीदवारों को वहां लेकर जाया जायेगा। राजस्थान में आंदोलन के नाम से मशहूर किरोड़ी लाल मीणा का यह बयान फिलहाल सुर्खियों में है। उन्होंने कहा कि मैंने पुष्टि कर ली है, यह सही है कि बेंगलुरु में दो रिसॉर्ट बुक हैं और वे उनको वहां इकट्ठा करेंगे। उनकी आदत हार्स ट्रेडिंग की (खरीद फरोख्त की) है और वह यह जरूर करेंगे। भाजपा सांसद ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर आये एग्जिट पोल में एकरूपता नहीं है, क्योंकि कोई भाजपा को बहुमत दे रहा है, तो कुछ इसे कम दिखा रहा है।

**गहलोत ने पहले भी कमरों में बंद रखा था विधायकों को**

बीजेपी सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पहले भी जनता के पैसों को पानी की तरह बहाया था। विधायकों को पहले भी अलग-अलग होटल के कमरों में बड़ाबंदी करके रखा गया था और लाखों-करोड़ों रुपए उनके ऊपर खर्च किये गये थे। यह सब वह पैसे थे, जो जनता की कमाई के थे, जिन्हें सीएम गहलोत ने अपनी सरकार बचाने के लिए खर्च किया। जानकारी मिली है कि निर्दलीय और कांग्रेस विधायकों को राजस्थान से बाहर भेजने की तैयारी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कर रहे हैं। चुनाव परिणाम आने के साथ ही यह विधायकों को बेंगलुरु भेजने की कोशिश करेंगे। इसी के चलते बेंगलुरु में रिजॉर्ट बुक किये गये।

**हमारे पास कोई सिंधिया नहीं बचा है, इसलिए कोई गद्दार नहीं : दिग्विजय :** विधानसभा चुनाव की मतगणना कल यानी 3 दिसंबर के दिन होना है। इसके चलते प्रदेश में 52 जिलों में मतगणना केंद्र बनाये गये हैं, जहां कड़ी सुरक्षा के बीच वोटों की काउंटिंग होगी। इसके बाद रूझान और परिणाम जारी होंगे। इंदौर शहर के मतगणना केंद्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। इंदौर जिले में नौ विधानसभा सीटें आती हैं, जिनके मतों की गणना होनी है।

# ये दिल मांगे मोर...

संतोष दीपक

दिल्ली की गद्दी पर काबिज होने के लिए होनेवाले चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने में बमुश्किल छह महीने से भी कम का समय बचा है और सही अर्थों में अब चुनावी मौसम गुलजार है। हर पार्टी अपनी-अपनी पिच तैयार करने के लिए कमर कस रही है।

पिछले 14 और 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड का दौरा किया और उन्होंने हमेशा की तरह एक तीर से कई शिकार किये। लाखों-करोड़ों दिमाग में अपनी बातों को चस्पां किया। चेहरों पर मुस्कान बिखेरी, आरोप लगाये, अपनी पहचान छोड़ी और अपनी काबिलियत भी बतायी। उधर दिल्ली में एक न्यूज चैनल ने पिछले तीन-चार महीने के अंदर झारखंड के मामले में दो-दो ओपिनियन पोल किया और निष्कर्ष यही कि यदि आज चुनाव हुए तो झारखंड की 14 लोकसभा सीट में से 12 पर भाजपा का कब्जा जबकि एक सीट आजसू और दूसरा झामुमो के खाते में। अब उस ओपिनियन पोल की बात एक तरफ लेकिन आते हैं मुद्दे की बात पर। दिल्ली में एक नेता ऐसे भी हैं, जिनकी प्रतीक्षा सभी को बेचैनी के साथ रहती है। सही अर्थ में कहा जाये तो वे बहुतों के स्टार कैंपेनर हैं। अपनी पार्टी के लिए तो




वे जो हैं सो तो हइये हैं लेकिन भाजपा के लिए तो वे विशेष रूप से मिडास टच हैं। राहुल गांधी, जिनके पहुंचे बिना भाजपा का कोई भी कर्मकांड पूरा नहीं होता। मोदी, शाह, योगी, नड्डा, हेमंता, शिवराज या कोई भी अन्य नेता चाहे जितना भी जोर लगा ले, लेकिन लगता तो ऐसा है कि भाजपा के नेताओं या उसके समर्थकों को तब तक संतुष्टि नहीं मिलती, जब तक राहुल गांधी का प्रवेश और उनके भाषणों का श्री गणेश ना हो।

23 नवंबर को राजस्थान विधानसभा चुनाव के प्रचार का अंतिम दिन था, लेकिन उससे पहले के चार दिनों के अंदर राहुल गांधी ने ऐसी ताबड़तोड़ बैटिंग करी कि कांग्रेस नेताओं का तो पता नहीं लेकिन भाजपा नेताओं की बांछे खिल गयीं। उन्हें मलाल था तो बस इतना कि राहुल गांधी ने वही सारी बातें अगर 12-13 नवंबर तक बोल दी होती तो छत्तीसगढ़ के मामले में कांफिडेंस नये लेवल का होता और मध्य प्रदेश के मामले में भी स्थिति बेहतर होती, जो अभी कांटा-कांटा खेला जा रहा है।

बहरहाल, अब झारखंडी नेताओं को चिंता करने की कोई बात नहीं है और जो लोग भी यहां राजनीति के फुल टाइम इंटरटेनमेंट की आस में आंखें बिछाये बैठे हैं उनके इंतजार की घड़ियां भी समाप्त होनेवाली हैं।

सूत्रों की बात पर यकीन करें तो सारे चुनावों से फ्री होने के बाद अब राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रियंका गांधी की दो-दो चुनावी सभा अगले दिसंबर-जनवरी में झारखंड के अलग-अलग क्षेत्रों में होगी और हालात-ए-हाजरा देख कर यही कहा जा सकता है कि तीन महत्वपूर्ण कांग्रेसी नेताओं के झारखंड दौरे का जितना इंतजार कांग्रेस और इसके नेताओं को है, उससे कहीं ज्यादा प्रतीक्षा भाजपाई कर रहे हैं। भाजपा नेताओं को पूरा यकीन है कि श्री गांधी के साथ ही श्री खड़गे और प्रियंका की झारखंड की यात्रा सुखद, जबरदस्त और धमाकेदार ही नहीं होगी बल्कि यह प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों पर आइसिंग भी करेगी। पूरे कांफिडेंस के साथ कांग्रेस के नेता झारखंड में ताबड़तोड़ बैटिंग करेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6 °c | 18.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.14 बजे |



### अपराध के खिलाफ जनाक्रोश यात्रा में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

# कोल कैपिटल बना क्राइम कैपिटल : बाबूलाल मरांडी

**बाबूलाल मुख्यमंत्री बने तो यूपी की तर्ज पर तीन दिन में भागने लगेंगे अपराधी : सांसद पीएन सिंह**

**सरयू राय का नाम बिना लिये राज सिन्हा ने खूब साधा निशाना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत भाजपा की ओर से जिले में बढ़ते अपराध और व्यपारियों से मांगी जा रही रंगदारी और उन पर हो रहे जानलेवा हमले के विरोध में धनबाद विधायक राज सिन्हा के नेतृत्व में शनिवार को जनाक्रोश यात्रा निकाली गयी। इसकी शुरुआत पुराना बाजार पानी टंकी स्थित तेतुलतल्ला मैदान से हुई। यह बैंक मोड़, स्टेशन रोड, डीआरएम चौक, कोर्ट रोड होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंची। यहां आयोजित सभा में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी शामिल हुए। इस दौरान बाबूलाल मरांडी, सांसद पशुपतिनाथ सिंह और विधायक राज सिन्हा ने बारी-बारी से अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन महानगर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह और धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष संजय झा ने किया। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, जिला उपाध्यक्ष मानस प्रसून, राजकुमार अग्रवाल, रमेश राही, मिल्टन पार्थसारथी, मुकेश पांडेय, मनोज मालाकार, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमलेश सिंह आदि मौजूद थे।




## अपराधियों से पैसा वसूल रही पुलिस : बाबूलाल

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में जब-जब भाजपा की सरकार बनी है, तो अपराधी या तो जेल में होते हैं या राज्य छोड़ कर भाग जाते हैं। वर्तमान में राज्य की हालत बेहद खराब है। उन्होंने राज्य सरकार और पुलिस पर अपराधियों से सांठगाठ का आरोप लगाया। कहा कि पुलिस का काम लोगों को सुरक्षा देना है, लेकिन हेमंत सोरेन ने पुलिस को वसूली में लगा रखा है। सरकार अगर चाहे तो एक दिन में अपराधियों को ठिकाने लगा सकती है। जिस दिन भाजपा की सरकार बनी, उस दिन अपराधी राज्य छोड़ कर भाग जायेंगे या फिर जेल में होंगे। किसी भी राज्य का विकास तब होता है, जब अपराधमुक्त वातावरण हो। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि याद रखना, हमारी सरकार आने के बाद धनबाद के अंदर जिन अधिकारियों के समय जितना भी अपराध हुआ होगा, सबकी जांच करायेंगे। इससे पता चल सकेगा कि किसने कितनी संपत्ति बनायी है।

## धनबाद के व्यापारी दहशत में : पीएन सिंह

सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि प्रशासन और सरकार में हिम्मत नहीं हो रही है, वह रंगदारी बंद करे। धनबाद के व्यापारी और आम लोग दहशत में हैं। जनता के आशीर्वाद से जब बाबूलाल मरांडी मुख्यमंत्री बनेंगे, तो उत्तरप्रदेश की तर्ज पर तीन दिन में अपराधी यहां से भागना शुरू कर देंगे। सांसद ने कृष्णा अग्रवाल के सत्याग्रह आंदोलन के समर्थन में आये पूर्व सांसद ददई दुबे सहित विभिन्न राजनीतिक पार्टियों पर तंज कसते हुए कहा कि किसी की हिम्मत नहीं हुई कि वे प्रशासन और अपराधियों के खिलाफ बोलें।

### राज सिन्हा ने सरयू राय पर साधा निशाना

विधायक राज सिन्हा ने कहा कि हेमंत सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। इसके खिलाफ धनबाद भाजपा के कार्यकर्ता चुपचाप नहीं बैठ सकते हैं। सत्याग्रह आंदोलन में बैठे कृष्णा अग्रवाल की गृह सचिव से वार्ता करा आंदोलन समाप्त कराने पर सरयू राय का नाम लिये बिना कहा कि कुछ लोग आये और बोले सब कुछ फाइनल हो गया। वे किसी के दूत बन कर आये थे।

## लूट-खसोट में लगी है झारखंड सरकार: मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने धनबाद जाने के दौरान बोकारो में पत्रकारों से बातचीत में हेमंत सरकार पर निशाना साधा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने आपको कानून के ऊपर समझते हैं। वह नोटिस के बाद भी इडी कार्यालय नहीं पहुंचते हैं। एक ओर सरकार यह दावा कर रही है कि सरकार आपके द्वार पहुंच रही है, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री स्वयं मलेरिया प्रभावित गांव नहीं पहुंच पाये। उन्होंने कहा कि लोग इस सरकार के आपके द्वार कार्यक्रम से दूरी बना रहे हैं। पूर्व के आवेदनों को ठंडे बस्ते में डाल कर रखा गया है। कहा कि यह सरकार लूट-खसोट में लगी हुई है। यहां बालू, कोयला, पत्थर और जमीन की लूट हो रही है। इस दौरान बोकारो विधायक बिरंची नारायण, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, जिलाध्यक्ष भरत यादव, संजय त्यागी, जयदेव राय मौजूद थे।

## पीएलजीए की वर्षगांठ को लेकर पुलिस अलर्ट

रांची (आजाद सिपाही)। प्रतिबंधित संगठन माओवादियों के मारक दस्ता पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) शनिवार से 8 दिसंबर तक पीएलजीए की 23वीं वर्षगांठ मनायी जायेगी। इसे लेकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस सतर्कता बरत रही है। माओवादियों के विरुद्ध अभियान तेज कर दिया गया है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों को जंगल में सावधानी बरतने को कहा जा रहा है। केंद्रीय सैन्य आयोग और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी ने पुलिस बल पर हमला करने की बात कही है। इसे लेकर माओवादियों ने पर्चा जारी किया है।

पंजाब नैशनल बैंक ... भरोसे का प्रतीक! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

मंडल कार्यालय, रॉंची
5वॉं तल, नाईल कॉम्प्लेक्स, एच.बी. रोड, कांटाटोली, रांची – 834001

सूचना

पंजाब नेशनल बैंक, मंडल कार्यालय, रांची "जैसा है जहां है" के आधार पर **स्थिर स्थिति** में निम्नलिखित वाहनों की बिक्री के लिए मुहरबंद निविदा आमंत्रित करता है।

| क्रं. सं. | वाहन पंजीकरण सं. | न्यूनतम आरक्षित मूल्य | मेक एवं मॉडल | खरीदारी की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 01 | JH-01-BU-0164 | 1,00,000/- | बोलेरो (महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा) | 05.06.2015 |

इच्छुक व्यक्ति वाहन के लिए मुहरबंद निविदा रुपये 5,000/– **पंजाब नेशनल बैंक** के पक्ष में ड्राफ्ट के साथ जमा कर सकते हैं। बोलियाँ उपर्युक्त पते पर **16.12.2023 को शाम 04:00 बजे** तक प्राप्त की जाएंगी एवं **18.12.2023 को शाम 04:00 बजे** खोली जाएंगी। निविदा खोलने के समय कोई भी बोलीदाता उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं। वाहन का निरीक्षण **04.12..2023 से 12.12.2023 तक** किसी भी कार्य दिवस पर हमारी एचईसी धुर्वा शाखा, रांची में **सुबह 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे** के बीच किया जा सकता है। बैंक किसी भी/ सभी प्रस्ताव को बिना कोई कारण बताये स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

दिनांक : 02.12.2023 मंडल प्रमुख

## मंत्री भोक्ता का बेटा मुकेश बना सिविल कोर्ट में चपरासी

**बहू रश्मि के लिए तैयार हो रही राजनीतिक पिच**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चतरा जिले में इन दिनों एक चर्चा आम है। मंत्री सत्यानंद भोक्ता के बेटे मुकेश को सिविल कोर्ट में चापरासी की नौकरी मिलने के बाद अब बहु रश्मि के लिए राजनीतिक पिच तैयार किया जा रहा है। मुकेश सत्यानंद के तीसरे पुत्र हैं। पिछले दिनों चतरा जिले में सिविल कोर्ट में प्यून, मैसेंजर, दफ्तरी, नाइट गार्ड के लिए बहाली निकली थी। इसी आधार पर मुकेश कुमार भोक्ता की कोर्ट में नौकरी मिली। इसके अलावा प्यून पोस्ट के लिए 13 अन्य कैंडिडेट का नाम वेटिंग लिस्ट में रखा गया है, जिसमें सत्यानंद भोक्ता के भतीजे रामदेव कुमार भोक्ता का नाम भी शामिल है। सोशल मीडिया पर अब इसे लेकर कई तरह की चर्चाओं का दौर शुरू है। इनमें एक ही परिवार से दो-दो कैंडिडेट का नाम प्यून पद पर आने को लेकर तमाम तरह की चचाएं भी शामिल हैं।

चतरा सहित झारखंड में मंत्री सत्यानंद भोक्ता के बेटे का चपरासी पद पर चयन होने के अलावा इस पर भी चर्चा है कि मुकेश की पत्नी रश्मि प्रकाश के लिए सियासी राह बनायी जा रही है। ऐसे में अब 2024 में राज्य में होनेवाले चुनावों में चतरा विधानसभा सीट पर है। यह सीट रिजर्व है। पिता-पुत्र दोनों अब चतरा से चुनाव नहीं लड़ सकते। बहू रश्मि प्रकाश चुनाव लड़ सकती हैं। चूंकि मायके से जारी जाति प्रमाण पत्र ही ससुराल में भी मान्य होता है। रश्मि एससी वर्ग से हैं। ऐसे में उनके लिए यहां पर राजनीति की संभावनाएं बनायी जा रही हैं।



### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — रोग-शोक-दु:श्चिन्ताओं से छुटकारा मिलेगा, सुख-सुविधा के साधन बनेंगे।
- **वृष** — परिश्रम प्रयत्न से जटिल समस्या का समाधान मिलेगा,कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण।
- **मिथुन** — रोजी-रोजगार में सफलता, माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेग।
- **कर्क** — विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकाश होगा, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।
- **सिंह** — कठिन परिश्रम-प्रयत्न से आजीविका के क्षेत्र में सपलता, आत्मबल एवं कर्मबल में वृद्धि होगी।
- **कन्या** — नौकरी-व्यापार की स्थिति में सुधार, नई आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।
- **तुला** — परिस्थितियों में सुधार,नौकरी में बदलाव होने की संभावना,विविध समस्याओं का समाधान।
- **वृश्चिक** — स्वास्थ्य में सतर्कता आवश्यक है, राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी।
- **धनु** — रूके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **मकर** — आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता,संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति।
- **कुंभ** — लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।
- **मीन** — चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

## संजय पाहन की हत्या की जांच एसआइटी करे: बाबूलाल मरांडी



आजाद सिपाही संवाददाता

**परेशानी हो तो राज्य सरकार इसे सीबीआइ को सौंप दे**

**रांची।** रांची के सदर थाना क्षेत्र के बूटी बस्ती में संजय पाहन नाम के व्यक्ति की कल हत्या हो गयी थी। शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और राज्य सभा सांसद आदित्य साहू ने पाहन के आवास पर जाकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर मामले की जानकारी ली। रांची महानगर जिला अध्यक्ष केके गुप्ता भी उपस्थित थे। श्री मरांडी ने कहा कि स्व पाहन एक मिलनसार व्यक्ति थे। जिनकी किसी से वैमनस्यता नहीं थी। कहा कि इसके कारण हत्या का मामला गंभीर लगता है। उन्होंने राज्य सरकार से इस हत्या की जांच ईमानदार, सक्षम , वरिष्ठ पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एसआइटी गठित कर कराये जाने की मांग की। श्री मरांडी ने कहा कि परेशानी हो तो राज्य सरकार इसे सीबीआइ को सौंप दे।

## 1.73 करोड़ के भुगतान में फंसे उप सचिव

**रांची।** योजना एवं विकास विभाग के उप सचिव सह तत्कालीन विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी आदित्यपुर के लखी राम बास्के पर विभागीय कार्यवाही चलेगी। राज्य सरकार ने उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए रिटायर आइएएस अधिकारी रमाकांत सिंह को जांच संचालन पदाधिकारी के पद पर नियुक्त किया है। बास्के के खिलाफ विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी मानगो के पद पर रहते हुए दो आरोप लगे थे। वर्ष 2015 में पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत मौजा घाधीडीह में नहर निर्माण के लिए अर्जित की जाने वाली भूमि के लिए खेसरा में से खाता संख्या 43 में रकबा 0.77 एकड़ भूमि में मुआवजा भुगतान के बाद पंचाटी से चेक लेकर मोंगला मूर्मू के बैंक खाता संख्या में अवैध रुप से राशि प्राप्त की। पूरे मामले को सरकार ने गंभीरता से लिया है और इसे जांच कराया। प्रथम द्दष्टया आरोप प्रमाणित पाया गया है।

### टनल हादसा : श्रमिकों के गांवों में लौटी खुशियां

## कहीं दीपावली मनी, तो कहीं बलि दी

**15 मजदूर टनल हादसे से रेस्क्यू के बाद अपने-अपने घर पहुंचे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची से लगभग 40 किलोमीटर दूर है खेराबेड़ा गांव। यह गांव चुटूपालू पंचायत के अंतर्गत आता है। जो नेशनल हाइवे से दो किमी पश्चिम पठार और जंगलों के बीच बसा है। लगभग 20 दिनों से जिस गांव में उदासी छायी हुई थी, आज वहां खुशी का माहौल है।

उत्तराखंड टनल हादसे से रेस्क्यू के बाद मजदूर अपने घर पहुंचे थे। परिवार खुशियां मना रहा है। नाच रहा है। दीपावली मनायी जा रही है। ऐसा दृश्य केवल रांची के पास के एक गांव का नहीं था। ऐसा ही कुछ गिरिडीह के बिरनी, चक्रधरपुर के चेलाबेड़ा, खूंटी के गुमडू और पूर्वी सिंहभूम के मानिकपुर बांकीशोल, कुंडालुका व डुमरिया गांव का था। दरअसल उत्तरखंड के टनल हादसे में झारखंड के अलग-अलग जिलों के विभिन्न गांव के 15 मजदूर सुरंग में फंसे थे। हेमंत सरकार रेस्क्यू के बाद इन मजदूरों को एयरलिफ्ट कर शुक्रवार को वापस झारखंड ले कर आयी। रांची में हवाइ अड्डे पर इन मजदूरों का स्वागत हुआ। ये सभी मुख्यमंत्री आवस गये। जहां हमेंत सोरेन से मुलाकात हुई। मुख्यमंत्री ने इनके साहस की तारीफ की। उन्हें बधाई दी। मजदूरों ने राज्य सरकार की ओर सं संकट की घड़ी में मदद के लिए मुख्यमंत्री का आभारत जताया। इसके बाद एक-एक कर मजदूरों का अपने-अपने घर पहुंचना शुरू हुआ।

शनिवार को सारा दिन खेराबाड़ा, चेलाबेड़ा, गुमडू बिरनी आदि गांव में जश्न का माहौल रहा। परिवार के साथ-साथ गांव के लोग भी खुश थे। कोई पहुंचे मजदूर भाई को बधाई देने, तो कई 17 दिनों की कहानी उनके मुंह से सुनने के लिए पहुंच रहा था। परिजनों ने आरती उतारी। दिपावली की तरह घर सजाया, तो कहीं बलि प्रदान कर मन्नत पूरी की गयी।

## पगडंडियों से ललकी घाटी पहुंचता है अवैध कोयला

**महुआटांड़ दामोदर नदी स्थित मंदिर के पास निकलता है मोटरसाइकिल का रेला**

**पुलिस की रहस्यमयी चुप्पी का क्या है राज?**

बीरु कुमार



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** बोकारो-महुआटांड़ रजरप्पा सीमा क्षेत्र से कोयला तस्कर बड़ा खेला कर रहा है। इस मामले में पुलिस की रहस्यमयी चुप्पी के राज पर सवाल भी उठने लगे हैं। रोजाना इस क्षेत्र से सैकड़ों टन अवैध स्टीम कोयला मोटरसाइकिल से ओरमांझी में खपाया जा रहा है। कोयला तस्कर बेखौफ हैं। यही वजह है कि करीब 50 किलोमीटर की दूरी बेखौफ तय करते हैं। शाम होते ही गांव का रास्ता देखने लायक होता है। तय रूट पर मोटरसाइकिल सवार अवैध कोयला लेकर ओरमांझी पहुंचते हैं। मोटरसाइकिल सवार अलग-अलग होकर मेन रोड पहुंचते हैं, ताकि एक बार में मोटरसाइकिल की संख्या बड़े पैमाने पर नहीं दिखे। इधर, धंधे से जुड़े लोगों ने बताया कि सब कुछ सेट है। रामगढ़ इलाके में अवैध कोयला लदा मोटरसाइकिल पर कार्रवाई होती नहीं है और लोडिंग प्वाइंट पर धंधा फल-फूल रहा है। महुआटांड़ से लेकर ओरमांझी तक कई जगहों पर पीसीआर को तैनात देख सकते हैं। सब कुछ उसके सामने गुजरता है, लेकिन कार्रवाई क्या होती है।

जानकारी के अनुसार रजरप्पा महुआटांड़ बॉर्डर का इलाका है। यहां से गजब का खेल हो रहा है। नदी के उस पार कुछ ही दूरी पर महुआटांड़ थाना क्षेत्र में एक मंदिर है। यहां पर अवैध कोयला लदा मोटरसाइकिलों का जुटान होता है। उसके बाद शाम ढलते ही ओरमांझी के लिए निकल जाता है। इसके बाद गांव के अलग-अलग रास्तों से ललकी घाटी पहुंचता है। इसके बाद रांची-पटना मुख्य मार्ग फोरलेन होते हुए टॉल प्लाजा पार कर मंजिल तक पहुंचता है, लेकिन हाइवे में भी इसे हाथ देनेवाला कोई नहीं है।

### ओरमांझी में कोयला तस्करी का बड़ा खेल

अवैध कोयला लदे मोटरसाइकिल पर पुलिस कार्रवाई करने से इसलिए बचती है कि मोटरसाइकिल सवार घरेलू उपयोग के लिए कोयला रांची ले जा रहे हैं। लेकिन इसी आड़ में कोयला तस्करों ने बड़ा खेला शुरू कर दिया है। क्योंकि रोजाना मोटरसाइकिल सवार कोयला तस्कर को चार से पांच ट्रक कोयला मुहैया करा दे रहे हैं।

## वकीलों की सेवा लेगा आवास बोर्ड

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य आवास बोर्ड को विभिन्न प्रमंडलों में व्यवहार न्यायालय के लिए एडवोकेट की जरूरत है। इसके लिए वह वकीलों की नियुक्ति अस्थायी तौर पर करेगा। इसके लिए बोर्ड ने विज्ञापन जारी करते 14 दिसंबर तक योग्य कैंडिडेट से आवेदन मांगे हैं। एलएलबी बैकग्राउंड वाले ऐसे कैंडिडेट जिनके पास न्यायिक कार्य में 10 वर्षों का अनुभव हो, वे आवेदन कर सकते हैं। चयनितों की नियुक्ति इंटरव्यू के आधार पर अस्थायी रूप से होनी है। उनके कार्य के अनुसार बोर्ड उन्हें सेवा विस्तार दे सकता है। योग्य एडवोकेट के चयन के लिए 21 दिसंबर को 12.30 बजे से रांची स्थित बोर्ड मुख्यालय में इंटरव्यू की प्रक्रिया शुरू होगी।

### झारखंड पुलिस अकादमी : प्रशिक्षण में डीएसपी-कमांडेंट फेल

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में सीधे नियुक्त हुए डीएसपी, होमगार्ड के जिला कमांडेंट, प्रोबेशन पदाधिकारी और कारा अधीक्षक के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। इसमें डीएसपी दिवाकर कुमार और रामप्रवेश कुमार, होमगार्ड के जिला कमांडेंट चारो उरांव फेल हो गये हैं। वहीं डीएसपी प्रशांत कुमार, कारा अधीक्षक प्रभात कुमार और प्रोबेशन पदाधिकारी गौरव कुमार प्रशिक्षण में पास हो गये।

## न्यूटन ट्यूटोरियल्स का आइआइटी मेडिकल की तैयारी पर सेमिनार आज

**डालटनगंज में सेमिनार का किया गया है आयोजन**

**मेधावी बच्चों की खोज के लिए आयोजित है सेमिनार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वर्तमान समय में ज्यादातर अभिभावक बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। चिंता इस बात की है कि आइआइटी-मेडिकल प्रवेश परीक्षा का स्वरूप कैसा होगा। छात्र इन परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें। अच्छे रैंक कैसे पायें। इन सारी समस्याओं को देखते हुए न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा डालटनगंज में सेमिनार का आयोजन 3 दिसंबर को किया गया है। काहोटल चंद्र रेजिडेंसी बैरिया चौक डालटनगंज में दोपहर दो बजे से सेमिनार होगा। इसमें जो छात्र-छात्राएं आइआइटी-जेइइ और मेडिकल की तैयारी करना चाहते हैं और उन्होंने दसवीं-बारहवीं विज्ञान की परीक्षा में एपियर हुए हैं, वे शामिल हो सकते हैं। इसके साथ-साथ न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से डालटनगंज शहर में मेधावी बच्चों की खोज के लिए सेमिनार और क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। सेमिनार में निःशुल्क प्रवेश के लिए 0651-2563018, 9204793521-9708423600 पर संपर्क किया जा सकता है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 03 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## समाजसेवी मथुरा राम का निधन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मोदी मोहल्ला निवासी समाजसेवी सह सेनि शिक्षक मथुरा राम (80 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। स्वर्गीय मथुरा राम अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गये। बता दें कि मथुरा राम शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा में भी रूचि रखते थे। वे पूजा प्रबंध समिति जयनगर के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष पद पर सुशोभित रहे हैं। साथ ही सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के अध्यक्ष, सचिव रहे। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर निर्माण में भी इनका योगदान यहम रहा है। वहीं मोदी मोहल्ला चौक का अटल बिहारी वाजपेई चौक इन्हीं के द्वारा नामकरण किया गया था। इनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। इनके निधन पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी, उप प्रमुख राज नारायण सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि देवनारायण यादव, सेवा निर्मित शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी, हरिशंकर सिंह, गिरधारी प्रसाद, एम चंद्रा, कैलाश प्रसाद, सच्चिदानंद प्रसाद, मनोज सोनी, बैजनाथ रजक, सुशील कुमार, जनकदेव राम, रंजीत रजक, त्रिभुवन राम, दुर्गा राम, सुरेश राम, अशोक रजक, बिमल राम सहित दर्जनों लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया।

## शिशु विद्या मंदिर में दी गयी श्रद्धांजलि

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जयनगर में स्वर्गीय मथुरा राम के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर विद्यालय के भैया बहनों को छुट्टी दे दिया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार प्रसाद, अंजलि कुमारी सहित कई लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया।

## इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का लीग राउंड का मैच समाप्त हो चुका है। चार टीमें डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्रेड हार्ट स्कूल, आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड और मेरिडियन पब्लिक स्कूल सेमीफाइनल में पहुंची है। 4 दिसंबर से खेले जाने वाले सेमीफाइनल मैच सी एच हाई स्कूल मैदान में 40-40 ओवर का खेला जायेगा। 4 दिसंबर को पहला सेमीफाइनल सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरी तिलैया और आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड के बीच सुबह 9 बजे से खेला जायेगा और दूसरा सेमीफाइनल मैच 5 दिसंबर को डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया और मेरिडियन पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया के बीच सुबह 9 बजे से खेला जायेगा। उक्त जानकारी केडीसीए सचिव दिनेश सिंह, टूर्नामेंट चेयरमैन कृष्णा बरहपुरिया और वाइस चेयरमैन सुरेंद्र प्रसाद ने दी।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में प्रतियोगिताओं का आयोजन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सीसीए कार्यक्रम के तहत सेक्रेड हार्ट स्कूल में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें वर्ग 1 से 3 तक के बच्चों के लिए पोम-पोम मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित हुआ। जबकि क्लास 4-5 के लिए आईटी फेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें पीपीटी के द्वारा बच्चों ने सामाजिक और विद्यालय जीवन के बारे में बाकी बच्चों को जानकारियां उपलब्ध कराई। वहीं बच्चों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर प्रोजेक्ट तैयार किया, जिसे काफी सराहा गया। इस प्रतियोगिता में प्रत्युषा शर्मा को प्रथम, गौरव रंजन को द्वितीय और बुसरा आरिफ को तृतीय स्थान मिला। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से आईटी के प्रति बच्चों की समझ बढ़ती है। वर्तमान समय में आईटी के क्षेत्र में अपार संभावनायें हैं। इसको ध्यान में रखकर अभी से ही बच्चों के मानस पटल में इस बात को भरा जा रहा है। प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने भी बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा और कहा कि आईटी फेस्ट से बच्चों का बौद्धिक विकास तेजी से होगा। आयोजन को सफल बनाने में कामिनी सहाय, कुणाल किशोर, स्वाति सिंह, रेणु सेठ, मरियम हसन और प्रियंका गुप्ता का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिता के दौरान अर्णव राज, अंकित कुमार कौशिक, श्रीयम, श्रेयांश, शिशिर, आराध्या, सृष्टि और पायल की प्रस्तुति सराहनीय रही।

## वार्डों की बदहाली पर आरके बसंत ने जताया रोष

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने कोडरमा नगर पंचायत के प्रायः वार्डों की बदहाली और विगत 13 वर्षों में इसके विकास पर करोड़ों के खर्च में अनियमितता पर रोष प्रकट किया है। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 9 स्थित चरकी माइका कॉलोनी के मुख्य रास्ते पर विगत 1 वर्ष से जल जमाव है, जहां सांप बिच्छू ने डेरा डाल रखा है। इस मोहल्ले में लगभग 25 मकान है जिनके निवासियों का आना-जाना इसी रास्ते से है और कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। साथ ही यहां का पूरा रास्ता स्ट्रीट लाइट न होने से अंधेरे में है जिसके निराकरण हेतु लगातार प्रयास के बाद भी कोई समाधान नहीं, वहीं होल्डिंग टैक्स हेतु अनुचित दबाव बनाया जाता है। बसंत ने अविलंब इस जल जमाव से निजात दिलाने और स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु प्रशासक से मांग की है।

## पारा लीगल वोलेंटियर्स के साथ बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** व्यवहार न्यायालय स्थित जिला न्याय सदन कोडरमा सभागार में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जिले में कार्यरत सभी पारा लीगल वोलेनटियर्स के साथ एक बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कोडरमा के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेन्द्र कुमार तिवारी के निर्देश के आलोक में किया गया। इस बैठक सह कार्यशाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद ने उपस्थित पारा लीगल वोलेनटियर्स को कई प्रकार की कानूनी प्रावधानों और प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। प्रसाद ने पारा लीगल वोलेनटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों और केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में पारा लीगल वोलेनटियर्स की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। मौके पर न्यायालयकर्मी प्रियंका कुमारी, पारा लीगल वोलेनटियर्स पांडेय शेखर प्रसाद, नेहा सिन्हा, मोनिका कुमारी, कंचन कपूर, मनोज कुमार, विकास रजक, राजेश पासवान, सुब्रत कुमार मुखर्जी, सुरेश प्रसाद यादव, अर्जुन रविदास, दिनेश कुमार रजक, कमलेश प्रसाद यादव, मनोज कुमार, सुभाष मिस्त्री, रविन्द्र कुमार, शिव कुमार मोदी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# इंटरव्यू देने आये चार अभ्यर्थी फर्जी एडमिट कार्ड के साथ पकड़ाये

**चारों अभ्यर्थी नालंदा जिला बिहार के रहने वाले हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सिविल कोर्ट में चतुर्थ वर्ग के विभिन्न पदों के लिए चयन प्रक्रिया नियमित तरीके से चल रही है। जिसके लिए पूर्व में आवेदन आमंत्रित किये गये थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदन पत्रों की छंटनी के बाद करीब 28 हजार लोगों को एडमिट कार्ड भेजे गये हैं। आवेदकों के साक्षात्कार की प्रक्रिया 23 नवंबर से प्रारंभ हो गई है, जो 21 दिसंबर तक चलेगी। आवेदकों की सुविधा के लिए सिविल कोर्ट प्रबंधन ने दो पालियों में साक्षात्कार लेने की व्यवस्था की है। पहली पाली का समय प्रातः 8 बजे से प्रारंभ हो जाता है। जबकि दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होती है। इसी क्रम में शनिवार को चयन प्रक्रिया के दौरान चार अभ्यर्थी फर्जी एडमिट कार्ड के साथ पकड़े गये। चारों अभ्यर्थी शंकर कुमार पिता उपेन्द्र यादव, निवासी ग्राम सिलाव, सोनु कुमार, दिलीप कुमार दोनों के पिता गनौरी यादव, निवासी ग्राम सुरुमपुर, और अभिषेक कुमार पिता गुड्डू कुमार, निवासी दियारा, सभी नालंदा जिला बिहार के रहने वाले हैं।

सभी को न्यायिक हिरासत में ले लिया गया है। चारों एडमिट कार्ड का कोई भी आधार कोर्ट रिकार्ड से मेल नहीं खा रहा था। बाद में सदर थाना की पुलिस चारों को अपने साथ ले गई। पुलिस की मानें तो चारों के परिवार के लोगों को सूचना दे दी गयी है। 23 नवंबर से प्रारंभ साक्षात्कार की यह प्रक्रिया लगातार शांतिपूर्वक चल रही है और अभी तक किसी प्रकार की कोई भी कठिनाई का सामना किसी भी अभ्यर्थी को नहीं करना पड़ा है। बातचीत के क्रम में सिविल कोर्ट निबंधक मोहित ने बताया कि प्रधान जिला जज सत्य प्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में पूरी चयन प्रक्रिया निष्पक्ष तरीके से चलाई जा रही है, और उन्होंने यह भी बताया कि वैसे अभ्यर्थी जिनका साक्षात्कार हो चुका है या जिनका साक्षात्कार होना अभी बाकी है, वे लगातार हजारीबाग सिविल कोर्ट के वेबसाइट पर जाकर साक्षात्कार और चयन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार हजारीबाग सिविल कोर्ट में सबसे अधिक 102 पदों के लिए चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति की जानी है। जो झारखंड में सबसे अधिक है, और यही वजह है कि यहां पर अन्य जिलों की अपेक्षा ज्यादा आवेदन पत्र आये हैं। जानकारी के मुताबिक करीब तीस हजार एडमिट कार्ड भेजे गये हैं। और हरेक दिन करीब एक हजार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जा रहा है।

# सीएम हेमंत सोरेन 5 को आयेंगे कोडरमा

संजीव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** विरोध और धरना प्रदर्शन के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 5 दिसंबर को कोडरमा आयेंगे। यहां सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में वे भाग लेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जहां प्राशासनिक तैयारी जारी है, वहीं ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने 5 दिसंबर को जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन की घोषणा की है। वहीं डोमचांच के राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान को नहीं हटाये जाने पर काला झंडा दिखाकर विरोध प्रदर्शन करने की बात कही है। इधर मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। अधिकारियों की ओर से कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। कोडरमा स्थित बागीटांड़ स्टेडियम या ब्लॉक मैदान को मुख्यमंत्री के आगमन पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है। कोडरमा डीसी मेघा भारद्वाज ने जिले के आला अधिकारियों के साथ इन दोनों कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तैयारी के मद्देनजर अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिये।

मुख्यमंत्री जब कोडरमा पहुंचेंगे तो उनका आदिवासी रीति रिवाज और पारंपरिक ढंग से स्वागत किया जायेगा। कार्यक्रम में तकरीबन 10 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की जायेगी। मौके पर विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन परिसंपत्तियों का भी वितरण करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया जायेगा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पांच दिसंबर को मुख्यमंत्री कोडरमा पहुंचेंगे, जिसके लिए पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिये गये हैं।

## ढिबरा मजदूर संघ का धरना प्रदर्शन थाना प्रभारी के खिलाफ भी विरोध

**कोडरमा।** मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जहां तैयारी जारी है वहीं ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने 5 दिसंबर को ही कोडरमा समाहरणालय पर धरना प्रदर्शन की तिथि तय की है। संघ के अध्यक्ष कृष्णा सिंह ने बताया कि पूरे जिले से इसमें हजारों लोग शामिल होंगे। वहीं डोमचांच के थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान को हटाए जाने की मांग को लेकर कुछ लोगों ने एसपी को ज्ञापन दिया है। अजय कृष्ण, बसन्त मेहता, संतोष यादव, मुकेश रजक ने ज्ञापन में कहा है कि यदि इन पर कार्यवाही नहीं हुई तो मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन करते हुए काला झंडा दिखाया जायेगा।

## झामुमो और राजद कर रहा स्वागत की तैयारी

**कोडरमा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन 4 दिसम्बर को गिरिडीह और 5 को कोडरमा आयेंगे। कोडरमा व गिरिडीह जिले के झामुमो नेताओं के साथ बैठक कर चुनावी टिप्स और संगठन के मुद्दे पर उनकी राय लेंगे। इस बाबत झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष बीरेंद्र पाण्डेय व जिला प्रवक्ता संजय साजन ने बताया कि यह कोडरमा के लिए सौभाग्य की बात है कि कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन कोडरमा आने वाले हैं। उसके पूर्व गिरिडीह में कार्यकर्ताओ संग बैठक कर संगठन और अधिकारियो के क्रियाकलाप व चुनाव पर विस्तार से चर्चा होगी। वहीं राजद जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि सीएम, श्रम मंत्री व अन्य मंत्री के आगमन को लेकर राजद व्यापक तैयारी में जुटा है। इंडिया गठबंधन के घटक दलों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को भव्य बनाने में कोई कसर नही छोड़ी जाएगी।उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के जेएमएम, राजद और कांग्रेस के अलावे अन्य नेताओं कार्यकर्ताओ को भी आमंत्रित किया जा रहा है।

## 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' का आयोजन

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** इचाक प्रखंड के कारीमाटी पंचायत में शनिवार को आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में इचाक के ग्राम लेदाही के रहने वाले राजकुमार रवि को ऑन द स्पॉट बिरसा सिंचाई कूप योजना का लाभ दिया गया। मौके पर राजकुमार रवि ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें अपने खेतों की सिंचाई के लिए दिक्कत होती थी। वे बहुत दिनों से योजना से जुड़ कर लाभ लेने के लिए प्रयासरत थे। जब उन्हें पता चला कि उनके पंचायत में शिविर लगी है, तो सुबह शिविर में पहुंचकर अपना आवेदन समर्पित किया। कागजात की जांच कर उनका आवेदन को स्वीकृति दे दिया गया और उनका नाम सूची में शामिल हो गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार और अंचलाधिकारी मनोज कुमार महथा ने उन्हें स्वीकृति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इस सिंचाई कूप योजना की स्वीकृति होने से वे अपनी खेती की सिंचाई भलीभांति कर सकेंगे।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा की विशेष बैठक आज

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** संगठन की मजबूती को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की विशेष बैठक 3 दिसंबर रविवार को बड़कागांव पश्चिम पंचायत भवन में आहूत की गयी है। बैठक में संयोजक के अलावा पंचायत के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# जल, जंगल, जमीन और जनता असुरक्षित: खेमलाल महतो

**कार्यशैली से प्रभावित होकर पार्टी हित से अलग हटकर योगेंद्र साव परिवार को विधायक बनाने में करते आ रहे हैं सहयोग : रामपति राम**

**विधायक अंबा प्रसाद द्वारा सांसद जयंत सिन्हा पर लगाये गये आरोप निराधार, नींदनीय: जुगनू सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव के बैनर तले बड़कागांव मंडल अध्यक्ष के आवास पर बड़कागांव और उरीमारी मंडल द्वारा संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा पर बीते दिनों पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद द्वारा अनर्गल और बेबुनियाद आरोप लगाने का विरोध किया तथा कांफ्रेंस के माध्यम से उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने कहा कि राज्य में जल, जंगल, जमीन व जनता असुरक्षित है जिसके नाम पर हेमंत सरकार ने जनता को ठगने का काम किया। वही बड़कागांव में बालू, कोयला, व पत्थर की अवैध तस्करी निरंतर जारी है, तथा बड़कागांव विधायक संपत्ति बटोरने में मशगूल है।

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष रामपति राम ने कहा कि हमने व्यक्तिगत तौर पर पार्टी के नियमों से अलग हटकर योगेंद्र साव परिवार कि लोगों को विधायक बनाने में हर समय सहयोग करते रहा जबकि मैं अपने उम्मीदवार का परवाह तक नहीं किया लेकिन अब मैं खुलकर विरोध करूंगा।

वही पूर्व मंडल अध्यक्ष जुगनू सिंह, बेचन साव समेत सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने हजारीबाग सांसद पर लगाये गये आरोप का खंडन करते हुए घोर निंदा की तथा बताया कि विधायक अंबा प्रसाद द्वारा हजारीबाग में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा की गयी जिसकी अविलंब जांच होनी चाहिए।

भाजपा के सक्रिय सदस्य सह पूर्व मुखिया महेंद्र महतो ने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद द्वारा प्रखंड मुख्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है और बीडीओ तथा सीओ अपने कर्मचारियों के माध्यम से खुलेआम योजनाओं और कार्यों के बदले अवैध वसूली कर रहे हैं आगे उन्होंने बताया कि किसानों के कुआं के कोडिंग में प्रत्येक कुआं 20,000 और बाद में 10000 साथ ही साथ मोटेशन में 5,000 से लेकर 50,000 तक की अवैध वसूली की जाती रही है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव, जुगनू सिंह, महेंद्र महतो, रामपति राम, सुमन गिरी, शिबू मेहता, मनीष पांडे नरसिंह प्रसाद समिति दर्जनों लोग मौजूद थे।

### मन की बात:

**प्रेस वार्ता में पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामपति राम ने अपनी मन की बात कहते हुए वे सारी बातें रख दी जो उन्होंने आज तक किया था जिसमें कहा कि मैं अपने पार्टी हित से अलग हटकर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव एवं उनके परिवार से आने वाले सभी लोगों को अपना समर्थन दिया और विधायक बनाने का काम किया जबकि मेरी पार्टी की भी उम्मीदवार मैदान में थे जिसकी परवाह मैंने कभी नहीं की। वही उरीमारी मंडल महामंत्री सुमन गिरी ने बताया कि हम लोग दिन-रात एक कर पार्टी को खड़ा करते हैं और चुनाव के समय गठबंधन हो जाता है इसलिए हमें किसी भी सूरत में गठबंधन स्वीकार नहीं है और हम पार्टी के नियमों को दरकिनार कर स्वतंत्र रूप से अपना मतदान करते हैं।**

## सरना कोड को लेकर सेंगेल अभियान की बैठक

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मडमो स्थित डुमरिया टांड मे आदिवासी सेंगेल अभियान की बैठक की गयी। बैठक में असम प्रदेश अध्यक्ष सोहन हेम्ब्रम ने बैठक को संबोधित करते हुवे कहा की आदिवासी की धार्मिक पहचान सरना कोड़ 2023 मे ही लेना जरूरी है। साथ ही मरांग बुरु को बचाना आदिवासी संथाल समाज के लिए आवश्यक ही नहीं अति आवश्यक है। जिस तरह एक आदमी का माथा रहना जरूरी है वैसे ही संथाल समाज के लिए मरांग बुरु रहना और बचाना जरूरी है। मरांग बुरु लुगु बुरु के साथ आदिवासी को बचाने के लिए पूर्व सांसद सह सेंगेल अभियान केंद्रीय अध्यक्ष जिवेद बोंगा सालखन मुर्मू आगामी दस दिसंबर को मरांग बुरु के तलहटी मधुबन फुटबॉल मैदान मे विशाल जनसभा का आह्वान किये है। जिसमे भारत के सात राज्य के साथ नेपाल भूटान बांग्ला देश से भी सेंगेल अभियान के साथ दुनिया के आदिवासी को स्वागत करता है। मरांग बुरु विश्व के आदिवासी संथाल की है इसीलिए दस दिसम्बर को मरांग बुरु बचाव यात्रा होंगी, उसके बाद 22 दिसंबर को सरना सभा सेंगेल अभियान दुमका में आयोजन करेंगे, भारत सरकार फिर भी सरना कोड की घोषणा नहीं करेगी तो 30 दिसंबर को व्यापक रूप से रेल रोड चक्का जाम सेंगेल अभियान तरफ से किया जायेगा। जिसमे अधिक से अधिक लोगों को शिरकत करने की अपील की। मौके पर सेंगेल अभियान जिलाध्यक्ष बहराम हांसदा, मांझी हेम्ब्रम, श्यामलाल हेम्ब्रम, सनीचर सोरेन, सोमर हेम्ब्रम, नेमचंद मरांडी, अर्जुन मरांडी, बिसून टुडू, खुश्बू देवी, रेशमी देवी, गुलाबी देवी आदि उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाया खेल मैदान



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड़ के ग्राम गयपहाडी में ग्रामीणों ने श्रमदान कर खेल मैदान बनाया। ज्ञात हो कि ग्रामीणों ने खेल मैदान के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगाया लेकिन किसी ने संज्ञान नहीं लिया तो ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से श्रमदान कर बनाया। मौके पर खेल मैदान का उद्घाटन पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने नारीयल फोड़कर व फीता काटकर किया। मौके पर महेंद्र प्रसाद, मनोहर चौधरी, जागेश्वर प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, रामेश्वर चौधरी, उपेंद्र ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, दुलारचंद यादव, प्रकाश सिंह, निरंजन पंडित, लोकनाथ प्रसाद, किशुन राम, मनोज प्रसाद, लीलधारी प्रसाद, केदार प्रसाद, रामदेव प्रसाद, भुनेश्वर प्रसाद, लीलधारी महतो, अनिल पासवान करू पासवान, बिजय प्रसाद, रोहित प्रसाद, चेतलाल पंडित, हिरालाल प्रसाद, हिरालाल ठाकुर, महादेव ठाकुर, रामेश्वर महतो, लाक्षो महतो, बिजय सिंह, बसंत प्रसाद, भीम प्रसाद, नगीना प्रसाद, रेखा देवी, सारो देवी मंदोदरी देवी, झलिया देवी, संजू कुमारी समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## आरएवाइएम में स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन



**बरही (आजाद सिपाही)।** विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर एसडीपीओ नजीर अख्तर, पुलिस इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह, सीएससी के जिला शिक्षा सलाहकार मुकेश झा, रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय के सचिव परमेश्वर यादव, प्राचार्य डॉ विमल किशोर आदि अतिथियों ने महाविद्यालय परिसर में स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिन्हे केंद्र संचालक जयदीप कुमार सिन्हा ने बुके देकर स्वागत किया। सीएससी के जिला सलाहकर ने बताया कि यूनिवर्सिटी के निर्देशानुसार कस के सौजन्य से एसआरसी केंद्र की स्थापना की गयी है। जिसके माध्यम से यहां के विद्यार्थियों को रियायत दर पर सभी डिजिटल सेवाएं मिलेगी। इसके साथ ही विद्यार्थी अत्यंत ही सस्ते दर पर इस केंद्र के माध्यम से विभिन्न प्रकार के डिप्लोमा, प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी इत्यादि कर सकेंगे। प्राचार्य ने बताया कि अब विद्यार्थियों को फॉर्म भरने या अन्य कार्य के लिए बाहर जाकर अत्यधिक खर्च नहीं करना पड़ेगा। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ संजय वर्णवाल, डॉ अजय कुमार, केजीबीवी की ज्योति वर्मा, सॉफ्टेक की रूमी कुमारी, रोहित कुमार, सबिता कुमारी, बैजनाथ महतो आदि सहित कई विद्यार्थी मौजूद थे।

## प्राथमिक विद्यालय में मुखिया ने बांटी पोशाक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कांडतरी पंचायत के सोनपुरा प्राथमिक विद्यालय में मुखिया सह मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ प्रसाद ने शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया पोशाक का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बेहतर समाज के लिए शिक्षित होना बहुत जरूरी है शिक्षा के महत्व को देखते हुए झारखंड सरकार समस्त नागरिकों को शिक्षित करने के लिए कई प्रकार का महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है जिस तरह शिक्षा के बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है उसी तरह शिक्षा के बिना बेहतर समाज का निर्माण भी संभव नहीं है। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खिरोधर कुमार महतो और शिक्षक संतोष कुशवाहा, सुदामा कुमार उपस्थित थे।

## कुशवाहा महासभा की बैठक संपन्न

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के सांढ पंचायत भवन में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के कोर कमेटी के सदस्यों की एक बैठक की गयी। बैठक में हजारीबाग में होने वाले राष्ट्रीय कुशवाहा महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर चर्चा किया गया। इसके साथ-साथ बड़का गांव प्रखंड में कुशवाहा समाज कैसे मजबूत हो और सशक्त हो इसको लेकर भी चर्चा किया गया। वहीं मौके पर सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि बड़कागांव प्रखंड में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रखंड कमेटी बनाना है जिसको लेकर आगामी 10 दिसंबर दिन रविवार को 10:00 बजे गुरुचट्टी कुशवाहा धर्मशाला में बैठक रखा गया है जिसमें बड़कागांव प्रखंड के सभी कुशवाहा समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया है। मौके पर मुख्य रूप से अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बबलू कुशवाहा, प्रदेश सचिव राकेश मेहता, प्रदेश उपाध्यक्ष जय नारायण प्रसाद,बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी, प्रदेश प्रवक्ता विपिन कुमार, कुशवाहा समाज के प्रखंड सचिव गिन्नी वर्मा, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, उप प्रमुख वचन देव कुमार, जिप सदस्य सुनीता देवी, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, भागीनाथ महतो, दामोदर प्रसाद मेहता, गिरेंद्र प्रसाद, नरेश कुमार, अशोक कुमार, शिबू मेहता, जगदीश महतो, पिंटू कुशवाहा, अवध किशोर कुमार, मनोज कुमार, उमेश कुमार, रोहन कुमार, उदय मेहता, धर्मनाथ महतो, रेखा देवी, पूनम देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता में बरकासयाल ने कप पर जमाया कब्जा



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिले के चरही क्षेत्र में आयोजित सीसीएल अंतर क्षेत्रीय हॉकी खेल प्रतियोगिता में शनिवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में बरका सयाल क्षेत्र के खिलाड़ियों ने चरही की टीम को पराजित करते हुए 1-0 से गोल कर कप पर कब्जा जमाया। इस खेल में बरका सयाल श्रेत्र के जीएम यूनिट, उरीमारी परियोजना, बिरसा परियोजना, भुरकुंडा परियोजना, और सयाल डी परियोजना से खिलाड़ी शामिल हुए। वहीं इस हाकी प्रतियोगिता में मेंन आफ द मैच बिरसा परियोजना के संजय सोरेन, बेस्ट गोल कीपर उरीमारी परियोजना नरेश कुम्हार, बेस्ट स्कोरर सयाल डी परियोजना देवीलाल सोरेन, और मैन आफ द सीरीज का खिताब बिरसा परियोजना के टुरा मांझी को दिया गया। हॉकी टीम मैनेजर सोनाराम मांझी ने बेहतरीन खेल प्रदर्शन के लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। वहीं बरका सयाल महाप्रबंधक अजय सिंह ने हॉकी प्रतियोगिता में बरका सयाल की टीम को बेहतर प्रदर्शन करने पर टीम मैनेजर, टीम कोच एवं सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस खेल में बरका सयाल टीम में पांचों युनिट के बिरसा परियोजना से संजय सोरेन, बाबू मुर्मू, जोहरन करमाली, कृष्णा करमाली, मोती राम मुर्मू, दिनेश कुमार टुडू उरीमारी परियोजना से नरेश कुम्हार, जीतराम मुर्मू, बंशीलाल मांझी, सयाल डी परियोजना से मार्शल हांसदा, मनोज हेम्ब्रोम, देवीलाल सोरेन, रमेश हांसदा, राजू मुर्मू, जीएम युनिट से बंटी उरांव, भुरकुंडा परियोजना से रामदेव राम, मिथलेश मांझी, रंजीत एक्का सहित खिलाड़ी मौजूद थे।

## मोतियाबिंद और स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में तीन दिवसीय मोतियाबिंद और स्वास्थ्य जांच शिविर का शनिवार को ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित टॉपकान चश्मा दुकान में शुभारंभ हुआ। शिविर में डॉक्टर ने 20 लोगों के आंखों की जांच की। जिसमें 10 लोग मोतियाबिंद के मरीज पाये गये। क्लब की अध्यक्ष लायन माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर के दूसरे दिन 4 दिसंबर सोमवार और तीसरे दिन 5 दिसंबर मंगलवार को टॉपकान चश्मा दुकान में 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक आंखों की जांच की जायेगी। जिन मरीजों को आंखों की जांच मोतियाबिंद के लिए करनी हो वे उक्त शिविर का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय शिविर के तहत ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित राज नर्सिंग होम में ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की नि:शुल्क जांच की जा रही है। क्लब के लोगों ने भुरकुंडा कोयलांचलवासियों से शिविर का लाभ उठाने की अपील करते हुए अधिक जानकारी के लिए टॉपकान के मुमताज से मो. 8092566334 और राज नर्सिंग होम के प्रोपराइटर लायंस राजेंद्र महतो के मो. 9631465521 पर संपर्क करने की बात कही है। शिविर को सफल बनाने में लायन अशोक सिन्हा, निर्मल अग्रवाल, विजय वर्णवाल, अखिलेश शर्मा, राजेश अग्रवाल, विजयंत कुमार, राजेंद्र महतो संजय सिंह, शिवा प्रसाद आदि जुटे हैं।

## कई लोगों ने थामा झामुमो का दामन




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कार्यालय में शनिवार को सावन कुमार के नेतृत्व में कई लोगों ने झामुमो का दामन थामा। इस दौरान झामुमो जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू ने सभी लोगों को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। साथ ही पार्टी के नीति और सिद्धांतों को गांव-गांव पहुंचाने का जिम्मेवारी सौंपा। पार्टी में शामिल होने वालों में अभिषेक कुमार, अभिषेक सिंह, पीयूष कुमार, लोकेश कुमार महतो, राकेश कुमार महतो, अनिमेष कुमार, अमित कुमार, रिकी, हेमंत मुंडा, अनिल कुमार मुंडा का नाम शामिल है। मौके पर जिला सचिव विनोद कुमार महतो, जिला प्रवक्ता संतोष कुमार, खुदीराम महतो, विमल करमाली, अरुण बनर्जी आदि उपस्थित थे।

## समन्वय समाधान दल को कमांडेंट ने किया रवाना

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** पंजाब रेजिमेंट सेंटर रामगढ़ की ओर जी एंड बी सब एरिया की देखरेख में समन्वय समाधान दल को रवाना किया गया है। यह दल झारखंड के कई जिलों में भूतपूर्व सैनिकों व वीर नारियों के कल्याण के कार्य करेगी। पंजाब रेजिमेंट सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय चंद्र कांडपाल ने समन्वय समाधान दल को रवाना किया। 5 व 6 दिसम्बर को राज्य के पाकुड़, गोड्डा व साहेबगंज जिले में जाकर भूतपूर्व सैनिकों व वीर नारियों की समस्याओं व शिकायतों का समाधान करेगी। सेवानिवृत्त होने के बाद मिलने वाली सुविधाएं और पेंशन संबंधित सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी देने का कार्यक्रम किया जायेगा।

## चितरपुर बैंक ऑफ इंडिया शाखा ने प्रधान मंत्री ज्योति बीमा योजना का दिया लाभ




**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया चितरपुर शाखा प्रबंधक गौरव कुमार सह शाखा प्रबंधक शशि शेखर झा और बी सी अनिता कुमारी के सहयोग से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ चितरपुर कुर्मी टोला की मृत गीता देवी के पति सुरेश महतो और मारंगमरचा के मृत दुर्जन महतो की बेटी झुनकी कुमारी को दो- दो लाख का चेक देकर सम्मानित किया गया, जिसमे मुख्य रूप से उपस्थित ग्राहक सेवा केंद्र चितरपुर मायल के बी,सी अनिता कुमारी सांसद प्रतिनिधि दीनबंधु पोद्दार, जिला मंत्री और सोशल मीडिया सह प्रभारी वासुदेव प्रजापति के अनीता महतो, कमल रविदास इत्यादि मौजूद थे।

# न्यायालय में गवाही देकर लौट रहे चाचा-भतीजा की हत्या

**आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र के रमटुंडा गांव के समीप चतरा-हजारीबाग मुख्य पथ पर चाचा और भतीजा की हत्या कर दी गयी। जिससे भतीजा गिद्धौर थाना क्षेत्र के केंदुआ गांव निवासी महेंद्र यादव की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी, जबकि चाचा रामेश्वर यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग ले जाने के क्रम में मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही आक्रोशित मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी लिया और सड़क जाम कर रहे लोगों को समझा बुझाकर जाम हटवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने जान बुझ कर एक षड्यंत्र के तहत घटना को अंजाम देने की बात कह रहे हैं। पुलिस सभी पहलुओं पर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार चाचा और भतीजा चतरा व्यवहार न्यायालय में एक मुकदमा में गवाही देकर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी बीच एक टाटा सूमो वाहन पर सवार होकर कुछ लोग घात लगाये बैठे थे। घटनास्थल के पास मोटरसाइकिल के पहुंचते ही सूमो वाहन ने मोटरसाइकिल में धक्का मारा, जिससे मोटरसाइकिल के गिरते ही पहले से घात लगाये सुमो पर सवार लोगों ने उतर कर धारदार हथियार से और पत्थर से कुचकर दोनों की हत्या कर दिया।

## दिनदहाड़े छात्रा के अपहरण का प्रयास, किया घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** स्थानीय चतरा महाविद्यालय से पढ़ाई कर अपने घर वापस लौट रही छात्रा को युवकों ने दिनदहाड़े अपहरण करने का प्रयास किया। युवको ने छात्रा को खींचकर जबरन एक कार में बैठाने का प्रयास किया। छात्रा द्वारा इसका विरोध करने पर उसकी पिटाई कर दी गयी। जिससे वह घायल हो गयी। इस संबंध में पीड़िता छात्रा ने सदर थाना में आवेदन देकर कुंदा थाना क्षेत्र के कोयली डोढ़ा गांव निवासी सुरेंद्र गंझु पिता सरोज गंझु और दो अज्ञात युवकों के खिलाफ मारपीट व जबरन अपहरण करने का प्रयास करने का मामला दर्ज कराया हैं। पीड़िता चतरा कॉलेज के स्नातक की छात्रा हैं। वह कॉलेज में पढ़ाई कर दोपहर लगभग ढाई बजे अपने सहेलियों के साथ पैदल घर लौट रही थी। इसी दौरान उसकी सहेली कुछ काम से जतराहीबाग स्थित नंदलाल कैफे में चली गयी और वह सड़क के किनारे खड़ी अपनी सहेली के आने का इंतजार कर रही थी।

इस दौरान एक जेएच 02 बीएम 8963 नंबर की एक कार उसके पास आकर रूकी और कार से तीन युवक निकले और उसके बाल पकड़कर खींचकर जबरन कार में बैठाने लगे। कार में नहीं बैठने पर अपहरणकर्ता युवकों ने छात्रा पर जानलेवा हमला कर दिया तथा गले में पहनी चांदी का लॉकेट भी छीन लिया। उसके चिल्लाने पर आसपास के लोग वहां पहुंच गये। लोगो की भीड़ देख सभी युवक वाहन लेकर फरार हो गये। स्थानीय लोगो ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसके सिर में सात टांके लगाये और सिर में गहरी चोट होने के कारण सिटी स्कैन के लिए छात्रा को हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। दिनदहाड़े इस तरह की घटना से छात्रा के सहेली भी डर गयी। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने कहा कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया। युवको की गिरफ्तारी को लेकर अभियान चलाया जा रहा हैं। पुलिस ने कार समेत एक युवक को गिरफ्तार किया है।

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू थाना क्षेत्र के पीवीयूएन के हाउसिंग कॉलोनी के पास देर शाम कोयला लदा एलेप्पी ट्रक के चपेट में आने से 35 वर्षीय भवानी महतो पिता स्वर्गीय भुनेश्वर महतो की मौत घटनास्थल में हो गई। यह घटना से नाराज होकर ग्रामीणों ने रांची पतरातू रांची मुख्य पथ को घटनास्थल के पास ही जाम कर दिया। बताया जाता है कि कटिया निवासी भवानी महतो अपने रिश्तेदार के यहां से अपने घर दो पहिए वाहन मोटरसाइकिल से अपने गांव कटिया जा रहा था इस दौरान कोयला से लदे एलेप्पी ट्रक के चपेट में ले लिया। घटना की जानकारी मिलते ही पतरातू पुलिस सशस्त्र बल के साथ पहुंची। खबर लिखे जाने तक पतरातु रांची ग्रामीणों द्वारा जाम कर दिया गया है।कोयला लदा एलपी ट्रक लेकर ड्राइवर भी फरार हो गया है। ग्रामीणों द्वारा कई मांग भी की जा रही है।**

## 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के चितरपुर पूर्वी पंचायत के सचिवालय परिसर में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामगढ़ उप विकास आयुक्त रोबिन टोपो शामिल हुए इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ग्यानमणी एक्का, अंचलाधिकारी दीपक मिंज और प्रखंड 20 सूत्री जकाउललाह मुख्य रूप से शामिल हुए अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से उद्घाटन किया तत्पश्चात डीडीसी ने स्टाल का निरीक्षण किया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में त्वरित कारवाई किया जाता है तथा शीघ्र निष्पादन भी किया जाता है तथा पंचायत क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का बहुत ही जल्दी किया जाता है जिसका अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ मिलता है इस शिविर में उपस्थित लोग अपनी आवेदन जमा करें और इसका सीधा लाभ के हकदार बने शिविर के माध्यम से आजीविका महिला ग्रुप को ऋण वितरण किया गया। इसके अलावे सैकड़ों आवेदन लाभुकों ने जमा किया अलग-अलग विभाग के स्टाल लगाकर विभिन्न योजनाओं का निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया था। इस मौके पर बीपीओ कुमार विवेक पंचायत मुखिया भानु प्रकाश महतो, लखेशवर चौधरी, पंचायत समिति सदस्य जूली गुप्ता, पंचायत सेवक ब्रह्मानंद पाठक के अलावे प्रखंड के कई विभागीय कर्मी और कर्मचारी शिविर में शामिल रहे।

## बंद घर से लाखों के जेवरात और नकद ले उड़े चोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र में एक बार फिर चोरी की वारदात में लगातार वृद्धि हो रही है। चोर एक के बाद एक चोरी की घटना को आसानी से अंजाम देकर निकल रहे हैं, ऐसा ही मामला एक बार फिर शुक्रवार की रात घटी। चोरों ने रांची रोड स्थित एक उद्योगपति के बंद घर को टारगेट बनाया। चोरी की घटना के संबंध में रोहित जैन पिता विनय कुमार जैन ने रामगढ़ थाना में शिकायत दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि शुक्रवार की रात करीब 12.45 बजे मेरे बंद पड़े घर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घर में माता-पिता रहते हैं, लेकिन वे लोग कुछ काम से दिल्ली गये हुए हैं और मैं लालपुर रांची में रहता हूं। शनिवार की सुबह 8.30 बजे जब नौकरानी साफ सफाई करने घर पहुंची तो देखा कि घर का दरवाजा टूटा हुआ है।

इसकी सूचना मुझे दी गयी। जिसके बाद मैं घर पहुंचा तो देखा कि अलमीरा का ताला टूटा हुआ है। अलमीरा में रखें सोने का हार, सोने का चूड़ी एक जोड़ा, हीरे का अंगूठी दो पीस, 15 पीस चांदी का सिक्का और नकद करीब 35 हजार रुपया अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। इधर, पुलिस घटना की सूचना पाकर पहुंची और मामले की जानकारी लेकर छानबीन में जुट गई है।

## कुजू के इंटर महिला महाविद्यालय में फार्म सुधार शिविर चार से

**कुजू (आजाद सिपाही)।** इंटर महिला महाविद्यालय मुरपा कुजू में इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों के पंजीयन फार्म सुधार के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्राचार्या डॉ शशिबाला ने बताया कि आगामी 4 दिसंबर और 5 दिसंबर को महाविद्यालय परिसर में लगने वाले शिविर के दौरान गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड और ऑनलाइन पंजीयन फार्म में विद्यार्थियों द्वारा भरे गये त्रुटियों का सुधार किया जायेगा। जिसके लिए विद्यार्थियों और उसके परिजनों के नाम, जन्मतिथि, विषय, फोटो और हस्ताक्षर के सुधार के लिए अपना और परिजनों का आधार कार्ड, मैट्रिक प्रमाण पत्र तथा अपना और परिजनों का फोटो लाना अनिवार्य है।

### श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन

# शिक्षा के साथ खेल पर करें फोकस: हरजाप

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में अंतर सदनीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता चार सदनों के बीच आयोजित की गयी। जिसमें साहबजादा अजीत सिंह हाउस. साहबजादा जुझार सिंह हाउस. साबहजादा फतेह सिंह हाउस. साहबजादा जोरावर सिंह हाउस शामिल है। इसमें कबड्डी प्रतियोगिता, खो-खो प्रतियोगिता वॉलीबॉल प्रतियोगिता कक्षा 3 से 5 6से8 तथा 9से12 के बीच हुई। कक्षा 9 से 12 बालको के बीच हुई कबड्डी के प्रतियोगिता में जोरावर सिंह तथा बालिकाओं में फतेह सिंह हाउस ने सफलता प्राप्त की और खो-खो प्रतियोगिता में बालिकाओं में अजीत सिंह हाउस तथा फतेह सिंह हाउस को सफलता मिली। कक्षा 6 से 8 के बीच बालकों की कबड्डी में जुझार सिंह हाउस, जोरावर सिंह हाउस तथा बालिकाओं में जुझार सिंह तथा फतेह सिंह की जीत हुई और बालिकाओं की खो-खो प्रतियोगिता में जुझार सिंह तथा फतेह सिंह हाउस विजय। कक्षा 3 से 5 के बालकों बीच हुई कबड्डी प्रतियोगिता में जुझार सिंह हाउस और बालिकाओं में अजीत सिंह हाउस जीता। बच्चों में कार्यक्रम के दौरान काफी उत्साह दिखा और साथी उन्होंने काफी जोश के साथ खेल का प्रदर्शन किया। सभी बच्चों ने अपनी अपनी मेहनतों को दिखाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य हरजाप सिंह ने बच्चों की काफी प्रशंसा की और इसी तरह जीवन में सफलता प्राप्त करने की कामना भी की।

**कौन कौन थे उपस्थित**

कार्यक्रम में स्कूल अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थें।

## जेएम कॉलेज में एड्स पर जागरूकता कार्यक्रम




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर स्थित जेएम कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान में शनिवार को कॉलेज प्रांगण में एड्स पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता डॉ गिरधर पाठक ने किया। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शीला सिंह ने विद्यार्थियों के एड्स के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि यह एक भयानक बीमारी है। यह एचआईवी वायरस के संक्रमण से होता है। जो हमारे शरीर के प्रतिघोतक क्षमता को समाप्त कर देता है। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही किसी भी गंभीर बीमारी से बचाव का उपाय है। उन्होंने कहा कि जागरूकता फैलाना ही स्वयंसेवको का कार्य है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ गिरधर पाठक और डॉ बीके सिंह ने भी एड्स जागरूकता को लेकर कई अहम जानकारियां स्वयंसेवको को दी। वहीं स्वयंसेवक आस्था, अंजली व सानया ने एड्स से बचाव और सुरक्षा की जानकारी देते हुए इससे बचाव को लेकर सबों को जागरूक करने की बात कही। इस दौरान अपनी पेंटिंग के माध्यम से आस्था ने एड्स जागरूकता का अवलोकन कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अर्जुन, प्रियांशु, सेराज, पंकज, सुरुचि, पूजा, कोमल, निधि, रिया, अन्नू सहित अन्य विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा।

## बाल विद्या मंदिर में डॉ राजेंद्र की मनी जयंती



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या मंदिर आरा कोलियरी में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती धूमधाम से मनाया। साथ ही, विशेष सभा का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम हिंदी शिक्षिका सुनीता कुमारी के नेतृत्व में किया गया। वही, शिक्षिका रीता कुमारी व शिक्षक भागीरथ प्रसाद ने राजेन्द्र प्रसाद का जीवन परिचय और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। विद्यालय प्राचार्य रंजीत सिंह ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की बात कही। साथ ही, उनके सादगी जीवन व विचारों पर प्रकाश डाला। वही, उनकी तस्वीर पर स्कूल परिवार ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर रंजय मिश्रा, कामेश्वर प्रसाद, भुनेश्वर महतो, कुलदीप महतो, बबिता कुमारी, सविता कुमारी, अपराजिता कुमारी, कोलेश्वर महतो, बैजनाथ प्रसाद समेत कई छात्र छात्राए शामिल रहे।

## पतरातू प्रखंड स्तरीय बीएलओ की हुई बैठक




**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड परिसर स्थित वर्किंग हाल में शनिवार को सहायक निर्वाचन निबंधक पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी बीएलओ की बैठक हुई। इस बैठक में निर्वाचन पदाधिकारी रामगढ़ रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा बीएलओ को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि प्रखंड में जितने ही बीएलओ हैं। उन सबों को संक्षिप्त पुनरीक्षण की तिथि समाप्त होने के पूर्व 10-10 प्रपत्र छह निर्वाचन कार्यालय में जमा करना है। उन्होंने कहा कि प्रयास करना है कि कोई भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में छुटे नहीं साथ ही मृत मतदाता या दूसरे स्थान पर स्थाई रूप से चले गये, ऐसे मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से डिलीट करने का निर्देश दिया गया। मौके पर संजय साहू बरमेश्वर सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में अन्य बीएलओ शामिल थे।

## दिव्यांग भी समाज के प्रमुख अंग हैं सरकार दे ध्यान: मनोज बेदिया



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** रांची राजभवन के समीप चल रहे झारखंड के दिव्यांगजनो द्वारा किये जा रहे धरना प्रदर्शन में बरकाकाना के विभिन्न क्षेत्रों के दर्जनों दिव्यांग रांची के लिए हुए रवाना। रवानगी से पूर्व दिव्यांगजनो ने बताया पिछले साल भी झारखंड के दिव्यांगजनो ने कड़ाके की ठंड में अठाइस दिनों तक धरना प्रदर्शन किया था। धरना प्रदर्शन के दौरान झारखंड सरकार के विधायकों ने मांग पूरी करने का आश्वासन देकर प्रदर्शन समाप्त कराया था, लेकिन पूरे एक साल बीत जाने के बाद भी हमारी कोई भी मांग पूरी नहीं कि गई है, इसलिए मजबूरन पुन: धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। राज्यस्तरीय दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी मनोज बेदिया ने बताया दिव्यांग भी समाज का प्रमुख अंग है, सरकार को अवश्य रूप से ध्यान देना चाहिए, लेकिन सरकार ध्यान देने के बजाय दिव्यांगजनो को नजरअंदाज कर रही हैं। उन्होंने बताया पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान जेएमएम के मेनिफेस्टो में दिव्यांगजनो का पेंसन पचीस सौ रुपये करने की बात कही गई थी लेकिन झारखंड सरकार दिव्यांगजनो को किये गए वादों को भूल गई हैं, इसलिए पूरे झारखंड के दिव्यांगजन द्वारा काला बिल्ला लगाकर शांतिपूर्ण तरीके से सरकार के खिलाफ धरना के माध्यम से विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## उपायुक्त ने आमजनों की सुनी समस्याएं

**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन, वन विभाग, नियुक्ति समेत अन्य मामले सामने आये है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आये सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदन का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 1 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

# इकॉनमी की रफ्तार

मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई से सितंबर) में डीजीपी ग्रोथ की बढ़ी हुई रफ्तार ने सबको चौंका दिया। किसी ने नहीं सोचा था कि इकॉनमी इस अवधि में 7.6 फीसदी की रफ्तार हासिल करेगी। रिजर्व बैंक का भी अनुमान 6.5 फीसदी की बढ़ोतरी का था। इस आंकड़े से जुड़े कुछ खास पहलू ध्यान देने लायक हैं। पहला, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर 13.9 फीसदी बढ़ कर 7.15 लाख करोड़ रुपये तक जा पहुंचा है। दूसरा, कंस्ट्रक्शन क्षेत्र 13 फीसदी इजाफे के साथ 3.04 लाख करोड़ का हो गया है। तीसरा, निवेश में 11 फीसदी की बढ़त हुई है, जिसके बाद यह 14.71 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। हालांकि इन चमकते बिंदुओं के साथ ही ग्रोथ के आंकड़ों से जुड़े कुछ ऐसे भी पहलू हैं, जो राह में आगे खड़ी चुनौतियों की ओर संकेत करते हैं। एक बात तो यही है कि प्राइवेट खपत में बढ़ोतरी की रफ्तार काफी धीमी रही है। इस दौरान इसमें महज 3.1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जो आमदनी के वितरण के लिहाज से अच्छी खबर नहीं कही जा सकती। यह बड़ी बात है, क्योंकि देश के डीजीपी में खपत की भागीदारी 60 फीसदी है। इसके अलावा एक अहम मसला है कृषि क्षेत्र का कमजोर प्रदर्शन। पहली तिमाही में 3.5 फीसदी की रफ्तार दिखाने वाला कृषि क्षेत्र दूसरी तिमाही में 1.2 फीसदी की बढ़ोतरी ही दर्ज करा सका। सबसे बड़ी बात यह है कि साल के अगले हिस्से में भी इस क्षेत्र में बढ़ोतरी की अच्छी संभावना नहीं दिख रही, जिसका असर ग्रामीण क्षेत्र की मांग पर पड़ सकता है। मगर इन चुनौतियों के बावजूद देश की इकॉनमी पूरी दुनिया की उम्मीद का आधार बनी हुई है। उसके पीछे एक बडा फैक्टर है टैक्स कलेक्शन के मजबूत आंकड़े। ध्यान देने की बात यह भी है कि पिछले तीन वर्षों में भारत सरकार ने वित्त घाटे में राजस्व घाटे का हिस्सा कम कर लिया है। सीधे शब्दों में इसका मतलब यह है कि कर्ज का बड़ा हिस्सा निवेश में लग रहा है। इसके अलावा घरेलू बचत के स्वरूप में भी बदलाव देखा जा रहा है। पिछले तीन वर्षों में म्युचुअल फंड में निवेश तेजी से बढ़ा है। खास कर 2021-22 में इसमें ढाई गुना बढ़ोतरी देखी गयी और उसके अगले साल यानी 2022-23 में 12 फीसदी की वृद्धि हुई। साफ है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अगर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई इकॉनमी है और इसे वैश्विक तौर पर ब्राइट स्पॉट माना जा रहा है, तो यह स्थिति तुरंत बदलने वाली नहीं है। रिजर्व बैंक सालाना डीजीपी के अनुमान में बदलाव लाता है या नहीं, यह देखना होगा, लेकिन कई स्वतंत्र विश्लेषक ऐसे संशोधित अनुमान पेश कर चुके हैं। मसलन, बार्कलेज ने इसे 6.3 से बदल कर 6.7 कर दिया है। मगर 6.3 फीसदी की अनुमानित विकास दर के साथ भी भारत डीजीपी के अक्टूबर में जारी वर्ल्ड इकॉनमिक आउटलुक प्रोजेक्शन में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में शामिल था।

**रिजर्व बैंक का भी अनुमान 6.5 फीसदी की बढ़ोतरी का था। इस आंकड़े से जुड़े कुछ खास पहलू ध्यान देने लायक हैं। पहला, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर 13.9 फीसदी बढ़ कर 7.15 लाख करोड़ रुपये तक जा पहुंचा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**धनवान देशों की ओर से अपने निजी हितों को आगे बढ़ाना, लूट-खसूट तेज करने तथा विभिन्न तरीकों से गरीब तथा पिछड़े देशों के प्राकृतिक साधनों, मंडियों तथा मानवीय स्रोतों पर कब्जा जमाने के लिए पूर्व में भी मानवता के खात्मे के लिए युद्ध लड़े गये और मानव विरोधी व्यवहार आज भी निरंतर जारी है। यही नहीं इन हमलावरों ने नये आजाद हुए देशों को किसी न किसी ढंग से गुलामी में जकड़ने का कार्य भी निरंतर जारी रखा हुआ है।**


# पूंजीवादी व्यवस्था उम्र के आखिरी पड़ाव में

मंगत राम पासला

तानाशाह राजशाही (जागीरदारी व्यवस्था) के खात्मे के बाद स्थापित किये गये नये लोकतांत्रिक शासन प्रणाली (पूंजीवादी लोकतंत्र) के चलते लोगों के मनों के अंदर नयी उम्मीदें जगी थीं। जन साधारण को अपने विचार प्रकट करने और शासकों की लोक विरोधी नीतियों के प्रति अपना विरोध दर्ज किये जाने की आजादी मिली। बेशक इस लोकतांत्रिक व्यवस्था की भी अपनी कुछ सीमाएं हैं, परंतु जागीरदारी शासन ढांचे की निरंकुश शासन की ओर से किये गये किसी भी कार्य या आदेश को कुदरत का फरमान समझ और उसे स्वीकार करने के सिवाय कोई अन्य रास्ता उपलब्ध न होने के मुकाबले यह नया शासन प्रबंध मानवता के लिए बड़ी उपलब्धि माना गया था।

पूंजीवादी शासन के भीतर लोगों की वोटों के साथ चुनी जाने वाली सरकारों की भी कई किस्में अस्तित्व में आयीं और कई किस्म की नयी लोकतांत्रिक परंपराएं कायम हुईं। जैसे संसदीय प्रणाली, इंगलैंड में सम्राट/सम्राज्ञी की संवैधानिक पोजीशन को कायम रखते हुए 2 सदनों वाला संसदीय ढांचा, अमेरिका की तरह राष्ट्रपति प्रणाली और स्विट्जरलैंड जैसी अनुपातक प्रतिनिधित्व वाली संसदीय प्रणाली इत्यादि। बेशक इस नयी व्यवस्था के अंदर भी राजसत्ता लुटेरे वर्ग के हाथों में ही केंद्रित रही, परंतु फिर भी लोगों की ओर से और लोगों का तथा लोगों के लिए प्रशासन का अस्तित्व में आना मानवीय इतिहास की बड़ी उपलब्धि मानी गयी थी।

**आज संकटग्रस्त पूंजीवादी ढांचा अपनी ओर से शुरू किये गये लोकतांत्रिक और मानवीय कदरो-कीमतों को आज खुद ही मिट्टी में मिला रहा है।**



**आज संकटग्रस्त पूंजीवादी ढांचा अपनी ओर से शुरू किये गये लोकतांत्रिक और मानवीय कदरो-कीमतों को आज खुद ही मिट्टी में मिला रहा है। शायद अब पूंजीवादी व्यवस्था अपनी उम्र के आखिरी दौर में दाखिल हो गयी है। विश्व भर में विभिन्न देशों में रहते अलग-अलग धर्मों, राष्ट्रीयताओं, जातियों, रंगों, नस्लों, अनेक भाषाओं को बोलने वाले लोगों को आज बचाने का समय आ गया है।**

24 अक्टूबर 1945 में यूएनओ की स्थापना भी इसी लोकतांत्रिक व्यवस्था की देन है, जहां से विश्व भर में विभिन्न देशों के मध्य उठे विवादों और झगड़ों के समाधान के प्रयत्न किये जाते हैं। नये युद्धों को टालने के लिए हथियारों और गोला-बारूद के भंडार के बारे में कुछ नियम तय किये गये तथा किसी भी युद्ध के अंदर मानवीय अधिकारों की रक्षा को सामने रखते हुए कुछ बंधन, जिम्मेदारियां तथा परंपराएं तय की गयीं, जिसके तहत युद्ध के दौरान अस्पतालों, स्कूलों, बच्चों तथा आम आबादी पर हमले करने की पूरी मनाही के साथ-साथ रेडक्रॉस तथा यूएनओ के कर्मचारियों को पूर्ण सुरक्षा देने की घोषणा की गयी। वैसे तो साम्राज्यीय और फासीवादी ताकतों की ओर से वैश्विक स्तर पर स्वीकृत उपरोक्त फैसलों को कभी भी सत्कार नहीं दिया गया और इन्होंने सदा ही जिसकी लाठी उसकी भैंस वाला फार्मूला ही जारी रखा है।

धनवान देशों की ओर से अपने निजी हितों को आगे बढ़ाना, लूट-खसूट तेज करने तथा विभिन्न तरीकों से गरीब तथा पिछड़े देशों के प्राकृतिक साधनों, मंडियों तथा मानवीय स्रोतों पर कब्जा जमाने के लिए पूर्व में भी मानवता के खात्मे के लिए युद्ध लड़े गये और मानव विरोधी व्यवहार आज भी निरंतर जारी है। यही नहीं इन हमलावरों ने नये आजाद हुए देशों को किसी न किसी ढंग से गुलामी में जकड़ने का कार्य भी निरंतर जारी रखा हुआ है। इन गुनाहों के लिए मुख्य रूप में अमेरिका, यूके, फ्रांस इत्यादि देश जिम्मेदार हैं, जिनका प्रतिनिधित्व अमेरिकी साम्राज्य कर रहा है। क्यूबा, वियतनाम, कोरिया,चिली, अफगानिस्तान, ईराक और अब फिलिस्तीन में इन जंगबाजों ने बेकसूर लोगों का जो सामूहिक कत्लेआम किया है, वह हर इंसाफ पसंद इंसान को झकझोर कर रख देता है। ऐसे कुकर्म करते हुए न तो यूएनओ के किसी आदेश, परामर्श या निर्देशों को माना जाता है और न ही विश्व भर में प्रमाणित ऐसे किसी अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून की ही परवाह की जाती है, जिसका युद्ध के दौरान पालन करना तय किया गया है।

यही नहीं वैश्विक मंचों पर अपने दबदबे को आगे बढ़ाते हुए बिकाऊ मीडिया की मदद से इन खूंखार जंगबाजों की ओर से युद्ध अपराधों की जिम्मेदारी उल्टा पीड़ित देशों के सिर पर ही डाल कर झूठे इल्जामों के साथ उन्हें बदनाम करने के प्रयत्न किये गये हैं। यहां वर्णनीय है कि सीआइए और मौसाद जैसी बदनाम एजेंसियों ने अपने साम्राजीय आकाओं के आदेशों के तहत हमास, अलकायदा और आइएसआइएस जैसी आतंकी कार्रवाइयां करने वाले संगठनों की स्थापना की है। ऐसे संगठनों की मदद से रोजाना विश्व के विभिन्न हिस्सों में तख्तापलट की कोशिशें की जाती हैं। यदि कोई देश इनसे बचने के लिए कोई कदम उठाता है, तो उस पर बिना देरी किये आतंकवादी होने की मोहर लगा कर उसके विरुद्ध निम्न दर्जे की नफरती मुहिम छेड़ दी जाती है और तुरंत ही सैन्य हमले किये जाते हैं। यदि कोई समाजवादी या प्रभुसत्ता संपन्न देश साम्राज्यीय ताकतों के विरोध में आवाज उठाता है या फिर अपने किसी एक-दो नागरिक को देश का कानून तोड़ने के कारण कोई सजा देता है, तो साम्राज्यीय ताकतों का पालतू मीडिया मानवीय अधिकारों के हनन की दुहाई देने लग पड़ता है।

यदि अमेरिका वियतनाम के लोगों पर घातक हथियारों या फिर कैमिकल गैसों का प्रयोग कर उन्हें तड़पा-तड़पा कर मारता है या ईराक के प्रमुख सद्दाम हुसैन के पास घातक हथियारों के जखीरे होने का झूठा इल्जाम लगा कर ईराक पर धावा बोल देता है, तो वह फिर भी अपने आपको मानवीय अधिकारों का सबसे बड़ा संरक्षक होने का दावा करता है। आज संकटग्रस्त पूंजीवादी ढांचा अपनी ओर से शुरू किये गये लोकतांत्रिक और मानवीय कदरो-कीमतों को आज खुद ही मिट्टी में मिला रहा है। शायद अब पूंजीवादी व्यवस्था अपनी उम्र के आखिरी दौर में दाखिल हो गयी है। विश्व भर में विभिन्न देशों में रहते अलग-अलग धर्मों, राष्ट्रीयताओं, जातियों, रंगों, नस्लों, अनेक भाषाओं को बोलने वाले लोगों को आज बचाने का समय आ गया है।

## जमशेदपुर की खबरें

### ‘आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार’ कार्यक्रम का आयोजन

# शिविर में भाग लेकर योजनाओं का उठायें लाभ : डीसी

**जिले के 8 प्रखंडों और 8 पंचायत सहित 2 नगर निकायों के शिविर में बड़ी संख्या में शामिल हुए लाभुक, पंचायत स्तरीय शिविर में विधायक पोटका और विधायक बहरागोड़ा हुए शामिल, परिसंपत्तियों का वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** राज्य सरकार के आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के 8 प्रखंडों के 8 पंचायत व 2 नगर निकायों में शिविर का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित शिविर में पोटका विधायक संजीव सरदार व बहरागोड़ा विधायक समीर महंती, जिले के डीसी मंजूनाथ भजन्त्री सहित जिले के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। राज्य सरकार के निर्देश पर शिविरों के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करने के उद्देश्य का अनुपालन किया गया। शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन जमशेदपुर प्रखंड के ब्यांगबिल पंचायत, पोटका प्रखंड के आसनबनी पंचायत, घाटशिला प्रखंड के झांटीझरना पंचायत, पटमदा प्रखंड के काशमार पंचायत, डुमरिया प्रखंड के खड़िदा पंचायत, धालभूमगढ प्रखंड के कनास पंचायत, बहरागोड़ा प्रखंड के कुमारडुबी पंचायत, चाकुलिया प्रखंड के कालापाथर पंचायत सहित नगर निकाय क्षेत्र में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के गोलमुरी और मानगो नगर निगम के वार्ड संख्या 08 में किया गया। बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती ने बहरागोड़ा के कुमारडुबी पंचायत भवन व चाकुलिया प्रखंड के कालापाथर पंचायत सहित पोटका विधायक संजीव सरदार के साथ आसनबनी पंचायत भवन के शिविर में शामिल हुए। मौके पर डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने जिलेवासियों से पंचायत स्तरीय शिविर में भाग लेकर लाभ लेने की अपील की। डीसी ने कहा, पंचायत स्तरीय शिविर के माध्यम से राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में अबुआ आवास योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, जाति, आय, जन्म-मृत्यु, दिव्यांगता प्रमाण पत्रों के लिए आवेदन जमा किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल क्रय हेतु चेक का वितरण, एसएचजी और क्लस्टर सदस्यों के बीच आईडी कार्ड का वितरण, धोती, साड़ी, लुंगी और कंबल का वितरण किया जा रहा है। पंचायत स्तरीय अभियान के माध्यम से जिले के सुदूर क्षेत्रों के पंचायतों में रहने वाले सभी सुयोग्य लाभुकों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

# साढ़े नौ लाख की लागत से फेबर ब्लॉक बिछाने का विधायक ने किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता




**मुसाबनी।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला विधानसभा स्थित मेड़िया पंचायत के नवरंग संग के द्वारा चारदीवारी के अंदर फेबर ब्लॉक कार्य के लिए ग्रामीणों विधायक सह जिला अध्यक्ष रामदास सोरेन से आग्रह किया था। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए विधायक रामदास सोरेन ने जल्द सड़क निर्माण के लिए आश्वासन दी थी। शनिवार को विधायक रामदास सोरेन ने विधायक फंड से 9 लाख की लागत से फेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। मौके पर विधायक ने कहा बारिश के दौरान नवरंग संग परिसर के मां काली मंदिर में पानी भर जाने की समस्या उत्पन्न होती थी। कीचड़ के बीच पूजा करने के लिए श्रद्धालुओ की परेशानी बढ़ जाती थी। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए विधायक फंड से 9 लाख की लागत से फेवर ब्लॉक कार्य दो-चार दिन में ही शुरू किया जायेगा। मौके पर विधायक रामदास सोरेन के विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत, झामुमो केंद्रीय सदस्य कान्हु सामंत, जिला कोषाध्यक्ष काली पद गोराई, प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन, सचिव सोमाय सोरेन, सोशल मीडिया प्रभारी गौरांग माहली, मेड़िया पंचायत मुखिया सुश्री बाशो हंसदा, वरिष्ठ नेता कानू टुडू, युवा नेता प्रियानाथ बास्के, शमशाद खान, चंदन माहली, नवरंग संग कमिटी के विष्णु रजक सहित समिति के अन्य सदस्य और सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को पोटका में सभा को करेंगे संबोधित

**विधायक संजीव सरदार कालिकापुर के सावनाडीह फुटबॉल मैदान पहुंच कर कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पोटका।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगामी गुरुवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड स्थित कालिकापुर के सावनाडीह फुटबॉल मैदान में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर झामुमो के पोटका प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन के नेतृत्व में झामुमो नेता और कार्यकर्ताओ ने तैयारी में जुट गयी है। शनिवार को विधायक संजीव सरदार कालिकापुर के सावनाडीह फुटबॉल मैदान पहुचे। जहा उन्होंने पूरा क्षेत्र का जायजा लेकर कार्यकर्ताओ को आवश्यक दिशा निर्देश दी।

मौके पर विधायक ने कहा गुरुवार यानी 7 दिसंबर को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधायक संजीव सरदार ने सुबह 11 बजे से आरंभ होनेवाली सभा को सफल बनाने के लिए सभी झामुमो कार्यकर्ताओं को कई निर्देश दी। उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा की संख्या में उपस्थित होकर योजनाओ का लाभ लेने की अपील की।

# झारखंड में आज भी ऐसी हालत : मरीज को डंडे में चादर बांधकर तीन किमी ऊंची पहाड़ी पार कर पहुंचाया अस्पताल

**सारंडा का नुईयागड़ा, बोड़दाभट्ठी और रांगरींग गांव विकास से कोसों दूर**

**तीनों गांव वर्षों पूर्व अवैध तरीके से जंगल काट बसाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चाईबासा।** एक ओर जहां राज्य सरकार राज्य के निचले और पिछड़े पैदान पर रहने वाले लोगों तक हर सुविधा पहूंचाने का दावा करती है वहीं दुसरी ओर सरकार के दावे भी डाक के तीन पात साबित हो रहें है। यदी सरकार के दाबे को किस कदर खोखली है उसे देखना हो तो पश्चिमी सिंहभूम जिलें के घोर नक्सल प्रभावित सारंडा के सुदूरवर्ती नुईयागड़ा गांव जा कर देखें जहां सरकार के तमाम प्रकार के सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित है, आज भी उस गांव के गंभीर रुप से बीमार मरीज सोमा लोम्गा (41 वर्ष) को गांव के ही कुछ स्कूली बच्चों ने लकड़ी के डंडे में चादर बांध तथा उस चादर में बैठाकर लगभग 3 किलोमीटर ऊंची पहाड़ी को पार कर कुमडीह रोड तक लाया। यहां से सेल प्रबंधन द्वारा भेजे गये वाहन से मरीज को सेल की किरीबुरु अस्पताल लाया गया। मरीज का इलाज जारी है।

उल्लेखनीय है कि सारंडा का नुईयागड़ा, बोड़दाभट्ठी और रांगरींग गांव विकास से कोसों दूर है। यह तीनों गांव आसपास के हैं। तीनों गांव वर्षों पूर्व अवैध तरीके से जंगल काट बसाया गया है। इन गांवों में रहने वाले लोगों के पास सिर्फ मतदाता पहचान पत्र, आधार एवं राशन कार्ड है। इसके अलावे सरकार की कोई योजना गांव तक नहीं पहुंची है। तीनों गांव किरीबुरु से लगभग 15-20 किलोमीटर की दूरी पर है। तीनों गांवों में सड़क, बिजली, स्कूल, आंगनबाड़ी, पेयजल, संचार किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं है।

दो वर्ष पूर्व इन गांवों की खराब स्थिति की खबर छपने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लेकर कोल्हान के तमाम बडे. पुलिस-प्रशासन के उच्च अधिकारियों को दो बार गांव भेजा। तमाम अधिकारी इन गांवों में तो जैसे-तैसे चले गये थे, लेकिन वापस आने में सभी की सांसें फूल गयी थीं, रुहें कांप गयी थीं। सारे अधिकारी गांव तक सड़क, स्कूल, पानी, एम्बुलेंस आदि सुविधा की बात कह कर गये, लेकिन आज तक हुआ कुछ नहीं। यही वजह है कि गांव के मरीज इलाज के अभाव में गांव में ही दम तोड़ देते हैं। या फिर कुछ मरीज ऐसे बच्चों के साहसीक प्रयास की वजह से अस्पताल तक पहुंच मौत से बच जाते हैं। गांव के स्कूली बच्चे 15 किलोमीटर दूर स्कूल होने की वजह से पढाई छोड़ देते हैं या फिर कुछ सेल प्रबंधन के रहमों करम से किरीबुरु में रहकर कुछ पढ़ पाते हैं।

सारंडा की खदानें डीएमएफटी फंड में प्रतिवर्ष सैकड़ों करोड़ देती है। लेकिन इन पैसों से यहां के लोगों का किसी भी प्रकार का विकास नहीं हो पा रहा है। डीएमएफटी फंड भारी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जा रही है और इसके असली लाभार्थियों को तिल-तिल कर मरना पड़ रहा है।

## धर्म छुपाकर युवक ने की तीन लाख की ठगी, छत्तीसगढ़ में गिरफ्तार



मझिआंव (आजाद सिपाही)। जिला के मझिआंव थाना क्षेत्र के रामपुर पंचायत के बिडंडा गांव निवासी सलामत शेख के 39 वर्षीय पुत्र मुस्ताक अंसारी छत्तीसगढ़ के जिला बलरामपुर थाना राजपुर में अपने आप को धर्म छुपा कर हिंदू धर्म बता और अपने आप को आर्मी का फौजी बताकर, अपना नाम बदलकर रह रहा था। जो मकान मालिक से तीन लाख रुपए की ठगी कर फरार हो गया था। जिसे छत्तीसगढ़ की बलरामपुर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उमेंद्र सिंह के निर्देश पर टीम गठित कर मुस्ताक अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस की टीम छत्तीसगढ़ से आरोपी के गांव जांच करने आई टीम में सहायक उप निरीक्षक राकेश सिंह, पुलिस दीपचंद सिंह, शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि मुस्ताक अंसारी एक गुप्ता परिवार के यहां अपने आप को नाम शेखर कुमार दुबे बताया तथा अपने आप को शंकरगढ़ में आर्मी की नौकरी करनें की बात कर मकान किराएं पर लिया।

# दो असहाय परिवारों को मंत्री ने लिया गोद

## प्रति माह देंगे तीन हजार रुपये की सहयोग राशि

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने जिले के दो गरीब असहाय परिवारों को गोद लिया है। मंत्री श्री ठाकुर के निर्देश पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे और अन्य नेताओं ने शनिवार को इन परिवारों से मिलकर इन्हें सहयोग राशि प्रदान किया। मंत्री श्री ठाकुर अब प्रत्येक माह इन परिवारों को तीन हजार रुपए सहयोग राशि प्रदान करेंगे। साथ ही इनकी अन्य आवश्यक आवश्यकताओं की भी पूर्ति करेंगे।

बेलचंपा पंचायत के मेढ़ना निवासी स्व. रणधीर पासवान के परिवार को गोद लिया गया है। बताया जाता है कि रणधीर पासवान की कुआं में डूबने से मौत हो गयी थी। उनके परिवार में कमाने वाला कोई नहीं बचा था। साथ ही परिहार पंचायत के ग्राम बलीगढ़ में निवासी गोरख राम और उसकी पत्नी अनीता देवी दोनों की मौत हो गयी थी। परिवार में सिर्फ वृद्धा मालती कुंवर और तीन बच्चे हैं। जिनका भरण-पोषण मुश्किल हो गया था। मंत्री ने इन दोनों परिवारों को गोद लिया है। साथ ही इन परिवारों को मंत्री श्री ठाकुर की ओर से छह-छह हजार रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। इन परिवारों को प्रतिमाह तीन हजार रुपये सहयोग राशि प्रदान किया जायेगा। इस संबंध में मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि कई ऐसे परिवार हैं जिनकी आर्थिक स्थिति काफी खराब है या पूरी तरह से बेसहारा हैं। जिन्हें अपने जीवन बसर के लिए भी काफी परेशानी हो रही है ऐसे परिवारों को वे जीवन बसर के लिए हर संभव मदद करेंगे। कार्यकर्ताओं के माध्यम से ऐसे दो परिवारों को जानकारी मिलने के बाद उन्होंने इन परिवारों को गोद लिया है। वे हमेशा उनकी मदद करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष फुजैल अहमद, बेलचंपा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो पंचायत प्रभारी सोनल कुमार पासवान, पंचायत अध्यक्ष मुख्तार अंसारी, पंचायत सचिव धर्मेंद्र, अध्यक्ष राहुल कुमार चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



फोटो : गोद लिए परिवार को सहयोग राशि देते झामुमो नेता

# डीसी ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, दिया निर्देश

- मौके पर डीएस पाये गये अनुपस्थित, वेतन रोकने का निर्देश
- उपायुक्त के पिछले निरीक्षण के समय भी पाये गये थे अनुपस्थित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अस्पताल के डीएस डॉ0 हरेन चन्द्र महतो अनुपस्थित पाये गये। जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने सिविल सर्जन को डीएस से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। इसके पूर्व भी उपायुक्त के पिछले निरीक्षण के दौरान डीएस अनुपस्थित पाये गये थे। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि लगातार दो बार अनुपस्थित रहने से स्पष्ट है कि डीएस सदर अस्पताल में प्रायः नहीं रहते हैं। इसलिए अगले आदेश तक उनके वेतन निकासी पर रोक लगायी जाये। सदर अस्पताल में निरीक्षण के दौरान साफ सफाई का अभाव पाया गया। सदर अस्पताल में ओपीडी में बैठे चिकित्सक और मरीज व्यवस्थित तरीके से बैठे हुए नहीं पाये गये। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि यथाशीघ्र सभी व्यवस्था को सुधार करते हुए समुचित तरीके से सदर अस्पताल का संचालन सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक समरेश सिंह भी अनुपस्थित पाये गये, जिसे लेकर उपायुक्त ने उनसे भी स्पष्टीकरण प्राप्त कर सिविल सर्जन के माध्यम से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

# लचर व्यवस्था को लेकर जिप अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को लगायी फटकार

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** सरांग पंचायत में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में लचर विधी व्यवस्था को लेकर जीप अध्यक्ष शांति देवी ने पदाधिकारियों को जमकर फटकार लगायी। जिसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष शांती देवी, जीप सदस्य शंभूराम चंद्रवंशी, अंचलाधिकारी निधी रजवार, प्रमुख दीपा कुमारी, बीडीओ हीरक मन्ना केरकटा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान अतिथियों के द्वारा जेएसलपीएस महिला समूह के लाभुकों के बीच नौ लाख रुपये का डेमो चेक दिया गया। जीप अध्यक्ष ने विधि व्यवस्था को लेकर काफी नाराजगी जतायी। उन्होंने शिविर में सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं से ग्रामीणों को वंचित करने पर कर्मियों को भी चेताया। उन्होंने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। वहीं शिविर में अबुआ आवास योजना स्टॉल पर ग्रामीणों की काफी भीड़ देखी गयी, साथ ही कुछ ग्रामीणों ने कार्यक्रम के दौरान खूब बवाल काटा।

## अवैध खनन और परिवहन की रोकथाम को जिला स्तरीय मासिक टास्क फोर्स की बैठक संपन्न



गढ़वा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की मासिक बैठक जिले के सभी अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ संपन्न की गयी। उपायुक्त जमुआर ने बारी-बारी से सभी अंचल अधिकारियों से उनके क्षेत्रों में किये जा रहे बालू घाटों के संचालन संबंधी अद्यतन जानकारी ली गयी। साथ ही अवैध रूप से खनन, भंडारण और परिवहन पर अंकुश लगाने का निदेश दिया गया। नियमित रूप से बालू घाटों का सतत निगरानी करने के उद्देश्य से सभी संबंधित पदाधिकारियों को जिले के सभी 20 बालू घाटों की सूची साझा की गयी। मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक द्वारा भी सभी थाना प्रभारियों को अंचल अधिकारी से समन्वय बनाते हुए बालू घाटों की निगरानी में आवश्यक सहायता हेतु निदेशित किया गया। उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा बैठक में उपस्थित जिला परिवहन पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि नियमित रूप से वाहनों की जांच-पड़ताल अभियान चलाएं, ताकि अवैध रूप से बालू की ढुलाई और परिवहन पर रोक लगायी जा सके।

## पंखा की चपेट में आने से छात्रा समेत दो युवती घायल



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। दो अलग अलग घटनाओं में पंडरिया पंचायत की एक छात्रा समेत दो युवती घायल हो गयी। छात्रा सोनी कुमारी को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया। समाचार के अनुसार पहली घटना अपग्रेड बालिका उच्च विद्यालय का है, जहां पंडरिया पंचायत के करमाही गांव के दसवीं कक्षा की छात्रा सोनी कुमारी पिता अनिल कोरवा टेस्ट परीक्षा के दौरान पेट में दर्द की शिकायत की जिसके बाद शिक्षक उदित कुमार उक्त छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे कि रास्ते में बेहोश हो गयी। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर किया। दुसरी घटना उसी पंचायत के घाघरा गांव की है। धान ओसाने के दौरान पंखा की चपेट में बबीता कुमारी पिता निर्मल साह का दुपट्टा गले में फंस गया, जिससे घायल हो गयी। आनन फानन में परिजनों ने उसे अस्पताल लाया, जहां उपचार किया जा रहा है।

# 15 ग्रामीण सड़कों का कार्य प्रारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** ग्रमीणों की लंबी मांग के बाद मेराल प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों के 15 सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का शुभारंभ शनिवार को भूमि पूजन कर कराया गया। गढ़वा विधायक सह सूबे के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के निर्देश पर करीब 25 करोड़ की लागत से बनने वाला 15 ग्रामीण सड़कों के कार्य का शुभारंभ मेराल के विधायक प्रतिनिधि हेमंत कुमार सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शंभू प्रसाद, महिला प्रखंड अध्यक्ष आराधना सिंह, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, विनोद प्रसाद आदि नेताओं द्वारा भूमि पूजन कर कराया गया। जिन योजनाओं का कार्य प्रारंभ कराया गया। जिसमें मेराल पश्चिमी पंचायत में मेराल बस स्टैंड से स्टेशन तक सड़क का विशेष सुदृढ़ीकरण, एनएच 75 से सरस्वतीया नदी होते पुरानी बाजार तक, मेराल रेलवे स्टेशन से मकूना तक, पुरानी बाजार से मिडिल स्कूल पीपल पेड़ तक, रेलवे गेट से आबादगंज बस्ती तक सड़क सुदृढ़ीकरण, लोवादाग पंचायत मे अधौरी बस्ती रोड का सुदृढ़ीकरण, अरंगी पंचायत में टीओथ्री से कुंभी तक मरम्मती, केवाल टोला रोड का सुदृढ़ीकरण, गोंदा पंचायत में एनएच 75 बाना महुआ से मध्य विद्यालय बाना तक, एनएच 75 से गोंदा देवी धाम-बाजार-पंचायत भवन होते डंडई पी डब्लू डी रोड तक, हासनदाग पंचायत के रेजो गांव में अलगहवा पत्थर से हरिद्वार मिश्र के घर होते रामेश्वर राम के घर तक, देवगाना मोड़ से देवगाना बस्ती तक, देवगाना पीएमजीएसवाई रोड से जरही चारमुहान पीडब्लू डी रोड से गेरुआ डीह आदिवासी टोला तक तीसरटेटुका मे भुइंया टोला चार मुहान से पीएमजीएसवाई रोड तक सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल है।



## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत



गढवा (आजाद सिपाही)। चिनिया थाना क्षेत्र के डोल गांव में शुक्रवार की देर शाम लगभग हुए एक मोटरसाइकिल और हाईवा की भिड़ंत में दो युवकों की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार डोल गांव निवासी महेंद्र सिंह के पुत्र राकेश सिंह और जितेंद्र सिंह के पुत्र राजा सिंह अपने बाइक से घर जा रहे थे। कि इसी बीच निमार्णाधीन चिनिया धूरकी मुख्य सड़क मे काम कर रही हाईवा से डोल गांव में मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गयी। जिससे दोनों युवक की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंचे शव को अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा है।

# अल्पसंख्यकों को आज तक यहां के नेता छलते रहे हैं: एमएन खान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** एआईएमआईएम के तत्वावधान में शनिवार को गढ़वा जिला कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न पंचायत से महिलाओं ने एआइएमआइएम पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर महिलाओं ने कहा कि वे लोग पार्टी की नीति और सिद्धांत को जानकर, मानकर और समझकर बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व में राजनीतिक जीवन का शुरूआत की हैं। महिलाओं का कहना था कि दलित, पिछड़ा, शोषित, वंचित, अल्पसंख्यक भाइयों के साथ आज तक यहां पर इंसाफ नहीं हुआ है। इस क्षेत्र की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। क्योंकि यहां पर जो लोग भी चुनाव के दौरान लोगों को सपना दिखाते हैं। वे लोग चुनाव जीतने के बाद जनता से दूर चले जाते हैं। जनता को अपने करीब आने नहीं देते हैं। वे बड़े-बड़े लोग पूंजीपति और ठेकेदार से घिर जाते हैं। इस अवसर पर गढ़वा रंका-विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सह विधानसभा प्रभारी डॉ एम एन खान ने सबको माला पहनाकर व पार्टी का गमछा प्रदान कर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर सदस्यता ग्रहण करने वाले में माया कुमारी (चामा), दाया कुमारी (चामा), ललिता देवी (चामा), अनीता भारती (गेरुआ), सोनी देवी (हासनदाग) के नाम शामिल है।




## सिलेंडर में लगी आग महिला बाल -बाल बची

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर आरएम डी सेल के टाउनशिप स्थित अवासीय परिसर में गैस सिलेंडर में आग लगने से महिला बाल बाल बची। पड़ोसियों ने काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई। टाउनशिप सेल के आवासीय परिसर स्थित एफ टाइप आवास में झगराखांड निवासी सुरेंद्र राम जो जिला पुलिस का जवान है। पढ़ाई के लिए उनके बच्चे और पत्नी टाऊनशिप में रहती है। शुक्रवार को देर शाम गैस चूल्हा जलानें के दौरान आग लग गयी। महिला ने हल्ला मचा कर पड़ोसी को बताया कि तब तक आग तेजी से फैल गयी थी। पड़ोसी रवि कुमार ने सेल के भारत गैस एजेंसी से आग बुझाने के लिए अग्नि शामक छोटा सिलेंडर लाया, इसके बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में महिला बाल-बाल बची। घटना के संबंध में बताया गया कि भुल से सिलेंडर बंद करना भुल गयी और चूल्हा जलानें के क्रम में आग लग गयी।

# छात्र-छात्राओं ने ली सेवा करने की शपथ

- बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी में छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** वनांचल कॉलेज और वनांचल स्कूल ऑफ नर्सिंग फराठिया, गढ़वा में लैंप लाइटिंग और ओथ टेकिंग सेरेमनी में बी एससी नर्सिंग की फोर्थ बैच जीएनएम की पांचवीं बैच और एएनएम की 22वीं बैच की छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण हुआ। मुख्य अतिथि डॉक्टर अशोक कुमार सिन्हा चिकित्सा पदाधिकारी गढ़वा, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर एम के दीपक परीक्षा नियंत्रक नीलांबर पितांबर यूनिवर्सिटी, दिनेश सिंह कुलाधिपति बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी फराठिया, डॉ एमके सिंह कुलपति बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी, डॉ मरियमा जचरिया प्रधानाचार्य वनांचल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, दिव्या तिदु प्रधानाचार्य वनांचल स्कूल ऑफ नर्सिंग, डॉ नितेश पाठक हेड ऑफ डेपर्टमेंट् और सभी कॉलेज के प्रधानाचार्य उपस्थित थें।

शपथ ग्रहण समारोह में बोलते हुए डॉ अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि नर्सिंग न केवल अस्पताल की बल्कि समाज की अनिवार्यता है सेवा जब शीघ्र पर पहुंचती है नर्सिंग का रूप ले लेती है। डॉ एमके सिंह ने कहा कि नर्स होना समर्पण की गाथा है, डॉ मरियमा जचरिया ने नर्स को समझदार, हिम्मत वाली, सहानुभूति और कार्य में कुशल बताया। शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गीत संगीत की भावपूर्ण प्रस्तुतियों से उपस्थागण को मन मोह लिया नर्सिंग के प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का साल और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।



## कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा

### मनरेगा अन्तर्गत संविदा रिक्त पदों पर नियुक्ति संबंधित आवश्यक आम सूचनाः–

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा द्वारा मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर सहायक की नियुक्ति हेतु प्रकाशित, विज्ञापन संख्या–01/2023 दिनांक 21.08.2023 द्वारा स्वीकृत आवेदनों के आलोक में अभ्यर्थियों का मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन, दावा–आपत्ति एवं लिखित दक्षता परीक्षा लिये जाने के उपरांत पदवार रिक्त पदों के विरूद्ध **अंतिम मेधा सूची तथा कोटिवार चयनित एवं प्रतिक्षारत अभ्यर्थियों की सूची तैयार किया गया है। जिसे जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर अपलोड किया गया है।**

अंतिम मेधा सूची के आधार पर कोटिवार चयनित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **उनका सभी मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन** किया जाना अनिवार्य है। जिसकी तिथि निम्नवत हैः–

| क्र0 | पद का नाम | मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन तिथि | Reporting Time | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | तकनीकी सहायक (कनीय अभिंयता के समकक्ष) | 04.12.2023 | प्रातः 10:00 बजे | जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा का सभागार |
| 2 | तकनीकी सहायक (सहायक अभिंयता के समकक्ष) | | | |
| 3 | लेखा सहायक | | | |
| 4 | कम्प्यूटर सहायक | | | |

नोटः–1. सभी चयनित अभ्यर्थी अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता, आवासीय, जाति, जन्म तिथि प्रमाण पत्र (मैट्रिक), शपथ पत्र का मूल प्रति, ऑनलाईन आवेदन प्रति एवं सभी प्रमाण पत्रों की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति एक सेट के साथ उपरोक्त निर्धारित स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।
2. सभी चयनित अभ्यर्थियों को अपने साथ एक अद्यतन पासपोर्ट साइज फोटो एवं आईडी कार्ड (आधार कार्ड, पैन कार्ड यथा अन्य पहचान पत्र) लाना अनिवार्य होगा।
3. किसी चयनित अभ्यर्थियों द्वारा मूल प्रमाण के साथ उपस्थित नहीं होने पर उनकी उम्मीदवारी स्वतः समाप्त समझा जाएगा।
4. सभी चयनित अभ्यर्थियों का उनके मूल प्रमाण पत्रों से मिलान एवं सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के क्रम में किसी भी समय कोई त्रुटि पाई जाती है, तो उनके अभ्यर्थितता/मेधा सूची/वरीयता क्रम पर आवश्यक निर्णय नियुक्ति समिति समिति द्वारा ली जाएगी। जो अंतिम एवं सर्वमान्य होगी।
5. चयनित अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों के सत्यापन के क्रम किसी भी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची में अंकित अभ्यर्थियों को अवसर दिया जाएगा, जिसकी सूचना प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को बाद में अलग से दी जाएगी।

ह0/–
उप विकास आयुक्त,
–सह–अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, कोडरमा

PR 312569 Rural Development(23-24).D

## कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा

### अति अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या – 01/2023–24

जिला परिषद कोडरमा अंतर्गत पुराने एवं निश्प्रायोजित वाहन (निम्न सूची क्रमांक 01) की नीलामी खुली डाक द्वारा दिनांक 11.12.2023 को 03:00 बजे अपराह्न जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सभागार में निविदा समिति की उपस्थिति में की जायेगी। वाहन की विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्र0 | वाहन का प्रकार | चेसिस नम्बर | इंजन नंबर | वाहन का स्थान जहां रखा गया है | न्युनतम संधारित मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | BOLERO SLX B53 | MA1PS2GPKD2A50126 | GPC4M83814 | उप विकास आयुक्त कार्यालय, कोडरमा | 245000.00 |

**नीलामी प्रक्रिया की भार्ते निम्नवत् हैः–**

1. उपर्युक्त वाहन की बोली लगाने के इच्छुक डाकवक्ता को वाहन हेतु निर्धारित न्युनतम मूल्य के अधिकतम बोली राशि (Financial) एक बंद लिफाफा में लिखकर दिनांक 11.12.2023 के अपराह्न 12:00 बजे तक जिला परिशद कार्यालय, कोडरमा में जमा करेंगे। उक्त जमा किये गए सभी लिफाफा को निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। जिस निविदादाता द्वारा उपर्युक्त क्रमांक 01 में अंकित वाहन का डाक राशि अधिकतम होगा, उस राशि पर बोली लगाई जायेगी, एवं उस डाकवक्ता को बोली लगाने हेतु पहला मौका दिया जायेगा।
2. डाक वक्ता एक बन्द (Technical) लिफाफा में निम्न कागजात जमा करेंगे।
   A. वाहन के लिए नीलामी में भाग लेने हेतु मो0 10000.00 (दस हजार) रुपये का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त, कोडरमा के पदनाम सें कोडरमा में भुगतेय हो, संलग्न करना होगा।
   B. डाकवक्ता का आधार कार्ड, पुलिस अधीक्षक स्तर का छः माह के अन्दर का निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र, अद्यतन तीन वर्श का आयकर रिटर्न, डाक वक्ता का फर्म का जी0एस0टी0 सं0 एवं Non-blacklisting शपथपत्र (सभी कागजात का स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति दिनांक 11.12.2023 के अपराह्न 12:00 बजे तक जमा करना होगा, तभी वे डाक में भाग ले सकेंगे।
3. असफल डाकवक्ता को जमानत की राशि वापस कर दी जायेगी एवं सफल डाकवक्ता के जमानत की राशि उनके डाक राशि में समायोजित कर ली जायेगी।
4. जो भी अभिकर्ता वाहन लेने के इच्छुक हैं वे वाहन की स्थिति का अवलोकन उप विकास आयुक्त कार्यालय में जाकर कर लेंगे। नीलामी हो जाने के बाद किसी भी प्रकार से उपर्युक्त क्रमांकित 01 में अंकित वाहन की स्थिति से संबंधित दावा मान्य नहीं होगा।
5. सफल डाकवक्ता को जमानत की राशि को छोडकर शेष राशि का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त, कोडरमा के पदनाम सें कोडरमा में भुगतेय को नीलामी की तिथि से **एक सप्ताह** के अन्दर जिला परिशद कार्यालय में जमा करके वाहन को प्राप्त करन लेना है।
6. निर्धारित न्युनतम मूल्य से कम राशि पर वाहन की नीलामी नहीं की जायेगी।
7. नीलामी रद्द करने एवं किसी भी डाक बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने का सर्वाधिकार उप विकास आयुक्त, कोडरमा के पास सुरक्षित रहेगा।

नोटः नीलामी के संबंध में जानकारी हेतु www.koderma.nic.in एवं जिला परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट का अवलोकन किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 312565Panchayati Raj(23-24)#D

# स्वेटर पाकर झूम उठे आंगनबाड़ी के बच्चे



आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** ठंड शुरू हो गई है। ऐसे में आंगनबाड़ी केंद्र में अध्यनरत बच्चों को अब स्वेटर वितरण किया जा रहा है। शनिवार बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित अम्बेदकर नगर हरिजन टोला आंगनबाड़ी केंद्र 04 मे बालूमाथ पंचायत मुखिया नरेश लोहरा ने स्वेटर का वितरण किया। बच्चे स्वेटर पाकर झुम उठे। बच्चों को स्वेटर मिलने पर स्वजनों ने भी राहत की सांस ली है। बालूमाथ पंचायत मुखिया नरेश लोहरा ने कहा की बच्चों के पास केवल पढ़ाई और खेलने का काम है वह खुब पढ़े और खेले। स्वेटर बांटना पुण्य का काम है। श्री नरेश लोहरा यह भी कहा बच्चों और आंगनबाड़ी केंद्र से संबंधित हर समस्या का निदान किया जायेगा। इसके साथ ही उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनको नाश्ता व भोजन भी दिया जा रहा है। अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों में भी स्वेटर वितरण का कार्य चल रहा है। इस मौके पर मुखिया नरेश लोहरा के आलावा सेविका प्रियंका देवी, साहियाका समुन्दरी देवी, तुलसी राम, अरविन्द कुमार आदि सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से दो नाबालिग मजदूर की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह ।** बरवाडीह-डाल्टनगंज रेल खंड के केचकी रेलवे स्टेशन के समीप कंचनपुर गांव के पास शनिवार को पोल संख्या 268/21 268/20 के बीच में ट्रेन के चपेट में आ जाने से दो नाबालिक मजदूर की मौत घटना स्थल पर हो गई। जिसकी पहचान गढ़वा जिला के मेराल थाना के सीओ गांव के निवासी गोपाल भुइंया के पुत्र राजन भुइंया (15) और रंका थाना के दानीदान गांव के निवासी महेंद्र भुइंया के पुत्र मनोज भुइंया (14) के रूप में हुई।इस सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों नाबालिग मजदूर कंचनपुर मे दयाल ईट भट्ठा मे कार्य करते थे। उधर बरवाडीह पुलिस घटना स्थल पहुँच व को कब्जे में लेकर पोसमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है। इस सम्बंध में सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सरदार ने बताया कि दोनों मजदूर बरवाडीह के कंचनपुर गांव में स्थित एक ईट भट्ठा में काम करते थे। शनिवार की सुबह कंचनपुर से दोनों मजदूर राजन भुईया व मनोज भुइयां ट्रेक्टर में ईट लोड कर कंचनपुर ईट भट्ठा से सतबरवा गए थे। ट्रेक्टर दूसरे जगह से पार कर रहा था और राजन भुईया व मनोज भुइयां मजदूर पैदल ईट भट्ठा के लिए चल दिए। केचकी रेलवे स्टेशन के समीप कंचनपुर गांव के पास रेल ट्रैक पार करने के दौरान डाउन बीडी पैसेंजर के चपेट में आ गया। जिससे दोनों मजदूर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

**घटना पर जीप सदस्य दुःख व्यक्त किया व नाबालिग मजदूर से कार्य कराने वाले ईट भट्ठा पर कार्रवाई की मांग की:** उधर घटना को लेकर बरवाडीह पश्चिमी जीप सदस्य सन्तोषी शेखर ने दुःख व्यक्त किया है। साथ ईट भट्ठे मे नाबालिग से कार्य कराए जाने को लेकर कड़ी निंदा की है।व कहा कि नाबालिग से कार्य कराए जाने वाले ईट भट्ठा के संचालको पर कार्रवाई और एफआईआर दर्ज कर कांनूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार शिक्षा से वंचित बच्चों के भविष्य को चिंतित है। आउट आफ स्कूल रहने वाले बच्चों को चिंहित कर उनके अभिभावकों को विद्यालय में नामांकन और बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करने की योजना बनी है। मगर दूसरी और बिना डर भय के ईट भट्ठा संचालक नाबालिग से मजदूरी करा रहे है। अगर यही आलम रहा तो पीएमओ व सीएमओ के साथ साथ जिले के उपायुक्त को पत्र लिखा जाएगा।

# बंजारकिस्को में आयोजित हुआ आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन सदर प्रखण्ड के मन्हो पंचायत स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लोहरदगा के पास मैदान में किया गया। इस कार्यक्रम में अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, अंचल अधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा लाभुकों के बीच बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन, साईकिल वितरण योजना, जॉब कार्ड समेत, कंबल वितरण, जाति प्रमाण पत्र, भूमि सत्यापन समेत अन्य योजनाओं के लाभुकों को लाभान्वित किया। सभी विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं स्टॉल लगाये गये थे। कार्यक्रम में सभी शिक्षा, मनरेगा, राजस्व, स्वास्थ्य, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण, कल्याण समेत अन्य विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों के स्टॉल लगाये गये थे। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अबुआ आवास योजना, शिक्षा विभाग द्वारा गुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, आम जनों से सामाजिक-आर्थिक बुनियादी जरूरतों से जुड़े परियोजनाओं के आवेदन प्राप्त किये जा रहे थे।

# केंद्रीय विद्यालय पलामू ने जीता संकुल स्तरीय प्रतियोगिता का खिताब



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार पीएम केंद्रीय विद्यालय, लातेहार में शनिवार को संकुल स्तरीय मिनी स्पोर्टस का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता मे लातेहार, पलामू, गढ़वा और लोहरदगा केंद्रीय विद्यालयों के 120 छात्र एवं छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय पलामू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर संकुल स्तरीय विजेता घोषित किया गया। जबकि पीएम केंद्रीय विद्यालय लातेहार द्वितीय व केंद्रीय विद्यालय गढ़वा तीसरे स्थान पर रहा। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ पीएम केन्द्रीय विद्यालय, लातेहार के प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होने कहा कि हमारे जीवन मे खेलकूद का भी एक विशेष स्थान है। बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी भाग लेना चाहिए। प्रतियोगिताओं का आत्म मूल्याकंण करने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होने बच्चों को एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की अपील की। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक प्रदीप कुमार ठाकुर ने किया।

# बहुत सहा अब नहीं सहेंगे, उतरेंगे और चरणबद्ध आंदोलन करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सभी सहायक अध्यापक अपनी चीर परिचित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने जा रहे है। इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए लातेहार जिलाध्यक्ष अतुल सिंह और महासचिव अनुप कुमार ने बताया कि हम सभी अध्यापक झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बैनर कल से सूबे के 62 हजार सहायक अध्यापक आंदोलन करने जा रहे हैं। राज्य सरकार ने हमें हर बार छलने और पिछले चार वर्षो से चीर निंद्रा में रहने और वेतनमान का वादा करके पूरा नहीं करने से क्षुब्ध होकर चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया है। जो 03 दिसम्बर से राज्य के सभी सत्ता पक्ष/ विपक्ष विधायक/ मंत्री के आवास पर विधानसभा के सभी प्रखंड इकाई की संयुक्त बैठक एवम मंत्री/ विधायक को संयुक्त मांग पत्र।

10 दिसम्बर को राज्य के सभी जिलो मे सभी संगठनों संयुक्त बैठक।

16 दिसम्बर 2023ः को राज्य के सभी सहायक अध्यापक के द्वारा ट्विटर अभियान के माध्यम से मांगों को लेकर माननीय मुख्यमंत्री को ध्यानाकर्षण।

19 दिसम्बर 2023ः को एक दिवसीय झारखण्ड विधानसभा घेराव।

28 दिसम्बर 2023ः से अनिश्चितकालीन मुख्यमंत्री आवास घेराव।

जिला अध्यक्ष अतुल कुमार महासचिव अनूप कुमार ने सभी शिक्षको से अनुरोध किया है की इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एक एक शिक्षक अपनी भूमिका का ईमानदारी से निर्वहन करे और राज्य सरकार को मजबूर कर दे की वो अपना किया वादा पूरा कर के सभी शिक्षको के साथ न्याय करे। वर्तमान सरकार अपने कार्यकाल में सिर्फ एक बार मानदेय बढ़ाने के अलावा अन्य कोई कार्य नहीं किया है जबकि सारा कार्य लेने के लिए हम सभी दक्ष है और वेतन मान के लिए योग्य नहीं। हम मांग करते है की मुख्यमंत्री हमारी मांग पूरा करे ।

# असमंती उरांव को मिला जाति प्रमाण-पत्र



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मन्हो पंचायत के बंजार किस्को स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय मन्हो के पांचवीं कक्षा की छात्रा असमंती उराँव को जाति प्रमाण पत्र दिया गया। असमंती बेहद खुश हैं और पढ़-लिख कर प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाना चाहती हैं। असमंती के पिता बैजू उराँव इस मौके पर मौजूद थे और बेटी को खूब पढ़ाना-लिखाना चाहते हैं। असमंती व उनके पिता ने आज ऑन द स्पॉट जाति प्रमाण-पत्र का लाभ दिए जाने पर मुख्यमंत्री व जिला प्रशासन,लोहरदगा को धन्यवाद दिया।

# हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत कार्यक्रम संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मे हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत चेताग और बसिया पंचायत में कार्यक्रम दीप प्रज्वलित करके किया गया। बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी जिला के अन्य पदाधिकारी, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा बालूमाथ उप प्रमुख कामेश्वर राम एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमितए कुमार मंडल महामंत्री विजय यादव पंचायत समिति सदस्य पिंटू नायक बसिया मुखिया विमला देवी पंचायत समिति रामप्रवेश राम भाजपा ओबीसी देवनंदन प्रसाद एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष महावीर तुरी जितेंद्र प्रसाद, मुखिया सभी विभाग कर्मी सखी मंडल और ग्रामीण जनता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन जेएसएलएस कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार के सभी योजना की जानकारी दी गई और उज्वला योजना के माध्यम से प्रिंस भारत गैस के संचालक मुंशी साव के माध्यम से चूल्हा का वितरण अतिथियों के द्वारा लाभुक को किया गया।

# मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित




**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही) ।** कैरो प्रखण्ड मुख्यालय स्थित डॉ. अनुग्रह नारायण उच्च विधालय खेल मैदान में शनिवार को प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय मुख्यमंत्री आमंत्रण खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रखंड उप प्रमुख मधुलिका रानी ,बीस सूत्री उपाध्यक्ष बुधवा उरांव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच नरौली पंचायत बनाम हनहट पंचायत के बीच खेला गया जिस में नरौली पंचायत की टीम मैदानी गोल करते हुए विजय प्राप्त कर दूसरे चक्र में प्रवेश किया। वंही फाईनल मैच गुड़ी पंचायत बनाम गजनी पंचायत के बीच खेला गया जिसमे गुड़ी पंचायत का टीम मैदानी गोल करते हुए विजय प्राप्त कर जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में स्थान बनाया। उपस्थित अतिथि प्रखंड उप प्रमुख मधुलिका रानी ने कहा मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कर झारखंड सरकार ने ग्रामीण स्तर पर छुप्पी प्रतिभा को जिला ,राज्य, देश स्तर पर प्रदर्शित करने का एक सुनहरा मौका प्रदान किया है जिसका लाभ क्षेत्र के युवाओं को लेना चाहिय। मौके पर मुखिया बीरेंद्र महली,अरबिंद उरांव,सुमन उरांव,पंचायत सचिव गुहा उरांव,राजेश कुमार,आनंद सिंह आदि उपस्थित थे।

# कार की टक्कर से टेंपो सवार आधा दर्जन यात्री घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** सड़क दुर्घटना में टेम्पू सवार आधा दर्जन यात्री घायल घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया । सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत बक्सीडीपा जंगल में लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर घाघरा की ओर से लोहरदगा जा रही सवारी टेम्पू गाड़ी जे एच 08 सी 7339 मे पीछे से कार चालक टक्कर मार घटना स्थल से गाड़ी लेकर भागने का किया प्रयास उसी दौरान बक्सीडीपा में ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस कार कल धरदबोचा वही बताया जाता है कि आल्टो कार जे एच 02 एए 2140 के चालक तेज व लापरवाही से शराब के नशे में वाहन चलाते हुए लोहरदगा की ओर जा रहा था। जिसे कि सड़क से नजर हटते ही टेम्पू की पीछे से टक्कर मार दिया जिससे टेम्पू सड़क किनारे जा पलटा और टेम्पु में सवार आधा दर्जन यात्री में से दो को गम्भीर चोटें आई जबकि चार को अंदरूनी चोट लगने की बात बताई जा रही है। सभी घायल को राहगीरों के सहयोग से सेन्हा पुलिस द्वारा इलाज हेतु सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। फरार आल्टो कार जे एच 02 ए ए 2140 को जब्त कर थाना लाया गया।

# चलाया गया वाहन जांच अभियान

**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विशेष जांच अभियान के तहत सेन्हा थाना के समीप यातायात प्रभारी के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना मोड़ के समीप विशेष जांच अभियान के तहत सघन वाहन जांच अभियान पुलिस प्रशासन द्वारा चलाया गया। इस दौरान मोटरसाइकिल चालक को रोक कर हेलमेट तथा वाहन सम्बन्धित कागजातों का जांच किया गया। जिन मोटरसाइकिल चालक बिना हेलमेट पहने वाहन चलाते हुए पाये गय। वैसे लोगो को कड़ी फटकार लगाते हुए हेलमेट पहनकर वाहन चलाने और गाड़ी का कागज साथ लेकर चलने के लिये कड़ी चेतावनी दिया दी गयी। वाहन जांच अभियान पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर यातायात प्रभारी संतोष कुमार द्वारा शस्त्र बल के सहयोग से वाहन जांच किया गया।

# 'आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का लाभ उठायें ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता




**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के चेटर पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चंदवा पश्चिमी जिप सदस्य सरोज देवी, , प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्र, प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, चेटर मुखिया मालो देवी, झामुमो प्रखंड सचिव मो इजहार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

बीडीओ के द्वारा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से देते हुए ग्रामीणों को पंचायत स्तरीय आयोजित शिविर का लाभ उठाने की बात कही गई। जिप सदस्य सरोज देवी ने कहा कि सरकार द्वारा बहुत सारी योजनाएं चलाई जाती है, लेकिन जानकारी के अभाव में योजनाओं का लाभ ग्रामीण नहीं ले पाते हैं। इसलिए वे अधिक से अधिक संख्या में आकर शिविर का लाभ लें। प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू व झामुमो प्रखंड सचिव मो इजहार ने कहा कि जिन्हें अब तक सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ नहीं मिला है या किसी अन्य कारण से लाभ से वंचित है, वैसे लाभुक यहां आवेदन कर सकते हैं।

शिविर में कई योजनाओं से लोगों को ऑन स्पॉट लाभान्वित किया गया इसमें सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र, पेंशन स्वीकृति पत्र, अंचल जमीन सुधार रसीद, लाभुको के बीच धोती-साड़ी, साईकिल का चेक, जॉब कार्ड, पौधा, कंबल आदि का वितरण किया गया। मौके पर उप मुखिया सुमन देवी, पंसस शंकर गंझू, झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति समेत अन्य सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# दो पंचायतों में आयोजित हुआ 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार'

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कुडू प्रखण्ड के चिरी पंचायत स्थित संजय गांधी उच्च विद्यालय और सदर प्रखण्ड के मन्हो पंचायत स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लोहरदगा के पास मैदान में किया गया। कुडू प्रखण्ड के चिरी पंचायत में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं और बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन, साईकिल वितरण योजना, जॉब कार्ड समेत, कंबल वितरण समेत अन्य योजनाओं के लाभुकों को लाभान्वित किया। सभी विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं स्टॉल लगाये गये थे। जिला जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा की ओर से जनप्रतिनिधियों के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संदेश का वितरण किया गया।

## बालू गांव स्थित आयुष सह हेल्थ वेलनेस सेंटर का निरीक्षण

# लापरवाह डॉक्टर के कारण नहीं मिल रहा है लाभ

संतोष सिन्हा



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के बालू गांव स्थित आयुष सह हेल्थ वेलनेस सेंटर का निरीक्षण बालूमाथ प्रखंड प्रमुख ममता देवी ने किया। इस दौरान केंद्र पर ताला लगा मिला। केंद्र पर कोई भी कर्मी मौजूद नहीं मिला।

इस संबंध में बालूमाथ प्रखंड प्रमुख ममता देवी ने कहा कि उन्हें ग्रामीणों से लगातार शिकायत मिल रही थी कि लंबे समय से केंद्र में चिकित्सक तैनात रहने के बावजूद वे चिकित्सा केंद्र पर नहीं बैठते हैं। जिससे ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण ग्रामीण झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराने को मजबूर हैं, जो ग्रामीण मरीजों का आर्थिक शोषण करते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस केंद्र में आयुष चिकित्सक के रूप में डॉ. आलोक कुमार को पदस्थापित किया गया है। लेकिन वह केंद्र में नहीं रहते हैं। जिससे ऐसे लापरवाह एवं कर्तव्य विहीन चिकित्सकों के कारण बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र की चिकित्सा व्यवस्था चरमरा गयी है।

प्रखंड प्रमुख ममता देवी ने कहा कि राज्य सरकार के साथ-साथ विभाग से जुड़े अधिकारियों को भी इसकी जानकारी देकर ऐसे लापरवाह डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की जायेगी।गौरतलब है कि चिकित्सा विभाग की ओर से प्रदेश के सभी हैल्थ वेलनेस सेंटरों पर ग्रामीणों को निःशुल्क दवा वितरण के लिए लाखों रुपये की दवायें उपलब्ध करायी गयी है। लेकिन चिकित्सकों व चिकित्सा कर्मियों की लापरवाही के कारण क्षेत्र के गरीब व मासूम लोगों को उन दवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में बालूमाथ के चिकित्सा प्रभारी डॉ. प्रकाश बढ़ाइक ने बताया कि आज बालूमाथ के धाधू गांव में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बालू गांव स्थित हेल्थ वेलनेस सेंटर के दो कर्मचारियों को प्रतिनियुक्त किया गया था। जबकि एक अन्य कर्मचारी क्षेत्र में प्रशिक्षण के कारण अनुपस्थित थे, उन्होंने केंद्र से गायब आयुष चिकित्सक के बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया ।

प्रखंड प्रमुख ममता देवी ने कहा कि क्षेत्र में ऐसे लापरवाह चिकित्सकों के कारण यहां के लोगों को सरकारी चिकित्सा सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। लेकिन इसकी जानकारी नहीं है कि इस केंद्र पर कोई डॉक्टर तैनात है। इससे समझा जा सकता है कि इस क्षेत्र में ऐसे चिकित्सक की क्या भूमिका रही होगी।

# शिविर में 1741 आवेदन मिले, जिसमें 534 अबुआ आवास का

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह ।** झारखंड सरकार द्वारा संचालित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शनिवार को आठवीं दिन प्रखंड मुख्यालय के बरवाडीह पंचायत स्तरीय प्रखंड कार्यालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में पूरे पंचायत से काफी संख्या में लोगों की भीड़ थी। जिसका उद्घाटन बीड़ीओ राकेश सहाय, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल,20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी,पंचायत समिति सदस्य प्रवीन कुमार,मुखिया कालो देवी, 20 सूत्री सदस्य झामुमो नेता शशि भूषण तिवारी, आरती देवी सुनीता पाल समेत अन्य अतिथियों द्वारा बारी बारी से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने शिविर के माध्यम से मिलने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील किया। शिविर में बीड़ीओ श्री सहाय के अनुरोध पर जिला प्रशासन द्वारा दिव्यंगता शिविर का आयोजन किया गया था। इसमें जिला स्तरीय चिकित्सा टीम द्वारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए 143 लोगों का जांच कर दिव्यंगता प्रमाण पत्र बनाया गया। शिविर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग जुटे हुए थे। जिसमें 1741 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जिसमें आबुआ आवास योजना का 534 सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

## सड़क दुघर्टना में ऑटो चालक की हुयी मौत

सिसई (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कोड़ेदाग स्थित एकता ईंट भट्ठा के समीप सड़क दुघर्टना में ऑटो चालक की मौत हो गई। वहीं ऑटो में सवार दो लोग घायल हो गया है। मृतक की पहचान पुसो थाना क्षेत्र के अरको सेमरटोली निवासी लालदेव उरांव (27) के रूप में हुई है। वहीं घायलों में गांव के ही बसंत उरांव व सुखदेव उरांव शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार देर शाम को उक्त तीनों व्यक्ति अपने ऑटो में सवार होकर सिसई से अपने घर अरको सेमर टोली गांव जा रहें थे। इसी दौरान कोड़ेदाग एकता ईंट भट्ठा के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर रोड से नीचे गिर गया। जिसे वाहन सवार व चालक बुरी तरह से घायल हो गया। स्थानीय लोगों से उक्त तीनों व्यक्ति को उठाकर रेफरल अस्पताल सिसई पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चालाक लालदेव उरांव को मृत घोषित कर दिया वहीं घायलों का रेफरल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# अनियंत्रित ऑटो नदी में गिरा , 11 लोग हुए घायल

**पुलिस ने घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला** । रायडीह थाना क्षेत्र के गुमला छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय मार्ग में टुडूरमा के समीप पुल के नीचे ऑटो के अनियंत्रित होकर गिरने से ऑटो में सवार एक 11 लोग घायल हो गए। घायलों में एक ढाई साल की बच्ची भी शामिल है। घटना की जानकारी पर रायडीह थाना की पुलिस घटनास्थल पहुंच सभी घायलों को नदी से बाहर निकाला और उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह भेजा गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर रूप से घायलों को



सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया। वहीं घायलों में जरजट्टा निवासी सिकंदर लोहरा,ढाई वर्षीय रिया कुमारी, लूंगा निवासी वृंदावती देवी, सुष्मिता देवी, मीना देवी, भुवनेश्वरी देवी, मुनी देवी, लाथु निवासी विनोद कुमार, पति देवी, ऑटो चालक गुलशन लोहरा और लीलावती देवी शामिल है। वही सभी घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है वहीं ऑटो चालक को गंभीर चोट लगी है। घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑटो में सवार होकर सभी सवारी लाथु गांव से साप्ताहिक बाजार गुमला आ रहे थे तभी तो टुडूरमा के समीप पुल पर ऑटो अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गया। इसके बाद घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई। घटना की जानकारी पर रायडीह पुलिस घटनास्थल पर पहुंच सभी स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## ऑटो के पलटने से नौ लोग हुए घायल, एक को किया गया रिम्स रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)** । गुमला घाघरा रोड में दोदांग ढलान के समीप ऑटो के पलटने से ऑटो में सवार नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल गुमला लाया गया जहां सभी का इलाज चल रहा है। घायलों में छोटा अंबवा निवासी जमुना देवी, झलकु नायक, ललकु नायक, ललिता देवी, अनीता देवी, बुद्धू देवी और पालकोट निवासी कृष्णा नायक, ढाई वर्षीय कृयांश राज और रंजू देवी शामिल है। घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी घायल एक ही परिवार के लोग हैं और दाह संस्कार क्रिया कर्म में घाघरा प्रखंड के कुराग गांव गए थे। वहीं वापसी के क्रम में दोदांग ढलान में ऑटो चालक ने एक गाय को टक्कर मार दिया। जोरदार टक्कर से घटनास्थल पर ही गाय की मौत हो गई। वहीं ऑटो सड़क में पलट गया। ऑटो चालक तीव्र गति से ऑटो चला रहा था। सदर अस्पताल में सभी घायलों का इलाज चल रहा है। वही 75 वर्षीय वृद्ध की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया।

## अधूरे आवासों को पूर्ण कराने की लगायी गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** पठान पंचायत के सदर शाहिद वारसी ने गुमला विस क्षेत्र के विधायक से अपील की है। उन्होंने विधायक से अपील करते हुए कहा है कि अखबार के माध्यम से विधायक का ध्यान आकृष्ट कराना चाहते है कि सरकार की कई प्रमुख योजनाएं चलाई जा रही है। इस में गरीबों के लिए बनने वाले पक्के आवास की योजना भी है । सरकार द्वारा तो अमजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ लने हेतु प्रेरित किया जाता है लेकिन सरकारी अधिकारियों की उदासिनता के कारण बहुत से गरीबों के आवास अधुरे पड़े हैं। इन अधूरे पड़े आवास का बकाया किस्त राशि समय पर भुगतान नहीं होता है । जिसके कारण इस ठंड में गरीब , असहाय बीमार लाभुक अधूरे पड़े आशियाने को प्लास्टिक , फटे कपड़ों से ढक कर रहने को विवश है । शाहिद वारसी ने विधायक से अपील किया कि विकसित भारत के संकल्प यात्रा को मजबूती देने में जनप्रतिनिधि होने के नाते वे इस क्षेत्रीय गम्भीर समस्या का तत्वरित निवारण करें । ताकि गरीब जनता क एक मुश्त बकाया राशि भुगतान होने से गरीबों को आशियाना मिल जायेगा। शाहिद वारसी ने कहा कि विधायक ने लगातार सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार कर गरीब के जीवन को बदलने का सकारात्मक कार्य किये है । उन्हे पूर्ण विश्वास है इस संवेदनशील मुद्दे पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए गुमला विधायक गम्भीरता से इस मामले को लेंगे ।

## सांस्कृतिक जतरा आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड स्थित नवनी गांव में पांचो पांडव नव युवक संघ द्वारा शनिवार को सांस्कृतिक जतरा का आयोजन किया गया। जतरा का शुभारंभ मुख्य अतिथि विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा ने फीता काटकर किया। इस क्रम में सैकड़ो खोड़हा दल के सदस्यों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा के साथ सुशोभित होकर नृत्य व गीत प्रस्तुत किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक चमरा लिंडा ने कहा कि हमें अपने संस्कृति सभ्यता परंपरा को संजोग के रखने की जरूरत है। हम सभी प्राकृतिक की पूजा करते है। जल-जंगल-जमीन की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। हमें अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटना चाहिए। नए युवा अपनी परंपरा सभ्यता को भूलते जा रहे हैं। श्री लिंडा ने आगे कहा कि हम सभी को इस जतरा के उद्देश्य को समझने की जरूरत है। जतरा का मुख्य उद्देश्य आपसी मेल मिलाप होता है। आपस में लोगों को एक जगह पर पहुंचकर मिलना जुलना और अपने दुख तकलीफ खुसी को साझा करना ही जतरा में होता है। इसे हमें बरकरार रखना है। हमारे पूर्वजों ने जो धरोहर दिया है उसे हमें आगे बढ़ाना है। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित जिला परिषद सदस्य मानती उरांव, फगुआ उरांव, रवि पहान सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

### आंजन पंचायत में लगा 'आपकी सरकार आपके द्वार' का शिविर

# लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सदर प्रखंड स्थित आंजन पंचायत में शिविर का अयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण किया गया। इस शिविर में काग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर ने स्टॉल निरीक्षण किया एवं शिविर में आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना।

आंजन पंचायत में लगे शिविर में सैंकड़ों लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया जिसमें मुख्य रूप से राशन ,पेंशन , सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना स्वीकृति प्रमाण पत्र, पौधा वितरण, कंबल वितरण, साइकिल क्रय करने हेतु चेक



आदि का वितरण किया गया।

**जिले के 9 पंचायतों में लगाए गाएं सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर :** आज गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों अंतर्गत घाघरा प्रखंड के सारांगा पंचायत, सिसई के मुर्गू पंचायत, बसिया के लुंगटू पंचायत, जारी के जारडा पंचायत, भरनो के करंज पंचायत, रायडीह के कूड़ोछतरपुर पंचायत, डुमरी के अकासी एवं पालकोट के बिलिंगबीरा पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। जहां आस पास के क्षेत्र से आए सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने सरकार के विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल में जाकर जानकारी प्राप्त की, आवेदन भरा , एवं कई आवेदकों को ऑन द स्पॉट योजना से अच्छादित भी किया गया।

**दिनांक 4 दिसंबर को जिले के 8 स्थानों में लगेंगे शिविर :** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत दिनांक 4 दिसंबर को घाघरा प्रखंड के चुन्दरी पंचायत, सिसई प्रखंड के रेड़वा पंचायत,बसिया प्रखंड के कुम्हारी पंचायत, कामडारा प्रखंड के कुलकुरु पंचायत,चैनपुर के बरवेनगर पंचायत, घाघरा पंचायत,गुमला के खरका पंचायत, पालकोट के डहुपानी पंचायत एवं नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 09 में शिविर का आयोजन कर विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल्स लगाए जाएंगे ।

**ये रहे उपस्थित :** काग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, काग्रेस पंचायत अध्यक्ष चार्ली उरांव, मंडल अध्यक्ष ब्रजकिशोर उरांव, साहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता भी उपस्थित हुए। साथ ही जिला परिषद सदस्य,प्रमुख, मुखिया, वार्ड पार्षद, पंचायत समिति सदस्य शामिल हुए।

## शिविर में अबुआ आवास योजना के 640, मनरेगा के 112 आवेदन मिले



**सिसई (आजाद सिपाही)।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मुर्गू पंचायत में शिविर लगाया गया। शिविर में सभी विभागों का स्टॉल लगाकर जनता के समस्याओं व योजनाओं का आवेदन लिया गया। इस दौरान अबुआ आवास योजना के 640, मनरेगा के 112, विरसा सिंचाई कूप संवर्धन के 15, आयुष्मान कार्ड के 19, पेंशन के 35, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 62, सावित्री बाई फुले के 21, केसीसी के 19, गुरुजी क्रेडिट कार्ड के 7,अमाधान पोर्टल नया पंजीकरण 23,15वें वित्त में 1, संपत्ति व भुमि मापी के 16,बिजली विभाग में 9, जाति के 2,आय के 7, जन्म के 7, मृत्यु के 2 आवेदन सहित कुल 1208 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में 40 वृद्धों को कंबल व 42 लोगों के बीच धोती-साड़ी, लुंगी का वितरण, महिला समुहों को 15 लाख का सीसीएल, उज्जवला योजना द्वितीय चरण के तहत चुल्हा-सिलेंडर समेत गैस कनेक्शन, दो सौ पौधा वितरण, आंगनबाड़ी के बच्चों के बीच स्वेटर वितरण सहित विभिन्न विभागों द्वारा परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, प्रमुख मीना देवी, बीससूत्री अध्यक्ष सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रवि उरांव, बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रौशन खलखो, मुखिया बंदी राम उरांव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी, दीपक अधिकारी, पंस मिखन टोप्पो, संत साहु, सभी रोजगार सेवक, जनसेवक, राजस्व उप निरीक्षक सहित सभी विभागों के कर्मी-अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

# भाजपा पिछड़ी जाति मोर्चा गुमला के सदस्यों ने सीएम का पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भाजपा पिछड़ी जाति मोर्चा गुमला जिला के सद्स्यों ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। यह पुतला दहन झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व उड़ीसा के वर्तमान राज्यपाल रघुवर दास के खिलाफ हेमंत सोरेन द्वारा सार्वजनिक जनसभा में बार-बार आपत्तिजनक भाषा,अमर्यादित शब्दों का उपयोग करने के विषय को लेकर किया गया है। मौके पर मोर्चा के अध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा ने कहा रघुवर दास का 35 वर्षों का राजनीतिक जीवन बेदाग रहा है।उनके नेतृत्व में भाजपा ने 2014 से 2019 के बीच में बेदाग छवि वाली सरकार दी थी। झारखंड का चहुमुखी विकास हुआ। उन पर आज झारखंड के इतिहास के भ्रष्टतम सरकार के



मुखिया हेमंत सोरेन द्वारा उन पर आरोप लगाना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिछड़ा विरोधी मानसिकता को दिखाता है। इंडी गठबंधन के नेताओं को ना तो पिछड़ा के रूप में प्रधानमंत्री स्वीकार हैं । ना ही एक पिछड़ा का बेटा उड़ीसा जैसे राज्य का राज्यपाल बने यह स्वीकार्य है। जब से पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खुद खनन मंत्री रहते अपने नाम से माइंस का आवंटन करने के मुद्दे को सार्वजनिक किया था, उसके बाद से ही मुख्यमंत्री जी अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। अब यह सरकार अपनी विदाई की बेला में सिर्फ यह एक फर्जी जांच का ढोंग कर रहे हैं। वास्तविकता में यह सरकार झारखंड के सबसे सरकार भ्रष्ट सरकार में गिनी जाएगी। कुर्ला धाम कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, भूपन साहू, निर्मल गोयल, संजय वर्मा, शैल मिश्रा, राजेश कुमार, कौशलेंद्र जमुआर, दीप्ति कस्छप, पायल तिवारी, मंगल सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे ।

# सीआरपीएफ ने क्षेत्र के युवाओं को भेजा मैसूर

**मैसूर में आयोजित होने वाले 15 वें जनजातीय युवा सम्मेलन में लेंगे भाग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सीआरपीएफ 218 बटालियन एंव नेहरू युवा केन्द्र , गुमला द्वारा मैसूर में आयोजित होने वाले 15 वें जनजातीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम हेतु क्षेत्र के युवक - युवतियों का छठवाँ जत्था रवाना किया गया।

सीआरपीएफ 218 बटालियन द्वारा नेहरू युवा केन्द्र , गुमला एंव युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा गृहमंत्रालय के सहयोग से कोलकाता में जनजातीय युवाओं के विकास के लिए दिनांक 05 से 11 दिसम्बर 2023 तक आयोजित होने वाले 15 वें जनजातीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम हेतु आगामी 02 दिसंबर को विशुनपुर प्रखंड के आदिवासी



युवक - युवतियों का छठवॉ जत्था रवाना किया गया । इस मौके पर कमाण्डेंट 218 बटालियन , सीआरपीएफ मो . खालिद खान एंव नेहरू युवा केन्द्र के विषेश्वर मुंडा व गुमला के अधिकारियों ने हरी झांडी दिखाकर गुमला से रवाना किया। जिला के विशुनपुर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों से 08 युवक एंव 12 युवतियों का चयन कर मैसूर में आयोजित होने वाले 15 वें जनजातीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम हेतु रवाना किया गया है । इस अवसर पर विशुनपुर प्रखंड के ग्रामिणों द्वारा 218 बटालियन सीआरपीएफ के अधिकारियों व नेहरू युवा केन्द्र , गुमला के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया । युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा गृहमंत्रालय के सहयोग से आयोजित उक्त कार्यक्रम दूर - दराज नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे युवाओं के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा । इस मौके पर श्री अजीत सिंह नेगी, द्वितीय कमान अधिकारी, सूबेदार मेजर बाबूलाल यादव एंव अन्य उपस्थित थे ।

## बकाया राशि को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय में हुई बैठक



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिविल सर्जन ऑफिस में सहियाओं की बकाया राशि को लेकर बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता डॉ पंकज कुमार सिन्हा उपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला आरसीएच पदाधिकारी ने की। सैयदा खातुन ने बताया कि दिनांक 19 नवम्बर को तेलंगा खड़िया स्टेडियम में झारखंड स्वास्थ सहिया संघ की गुमला जिला अध्यक्ष सैयदा खातून की अध्यक्षता में पांच प्रखंड की सहिया बहनो के साथ बैठक की गई। जिनमे साहियाओं की समस्याओं पर अखबार और पत्रचार कि माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया गया था।जिनके वजह से प्रशासन ने जांच हेतु डॉ पंकज कुमार सिन्हा को नियुक्त किया है उन्होंने जांच कर साहियाओं की सभी समस्याओ को लेकर जिला अध्यक्ष सैयदा खातून के साथ बैठक कर पुरा जिला की साहियाओं कि बकाया राशि तथा समस्या को लिखित लिस्ट बनाने को कहा गया।आज मुख्य रूप से उपस्थित डॉ प्रियंका कश्यप आयुष्मान भारत स्मन्वयक, शिवचरन साहु संगणक जिला आर सी एच कर्यालय गुमला, विजय कुमार अचिकत्सा सहायक जिला कुष्ट नियंत्रण कार्यालय, विरन कुमार सिन्हा सहायक स्टोर कीपर, सहिया जिला कोषाअध्यक्ष रेखा देवी उपस्थित थी।

## पैर में जंजीर लगा व्यक्ति शहर में कर रहा है भ्रमण

**गुमला (आजाद सिपाही)** । शहर के जवाहर नगर मोहल्ले में एक पैर में जंजीर लगा एक युवक भ्रमण कर रहा है। वही उसे कुछ लोगों ने डीएसपी रोड स्थित जवाहर नगर में भटकते देखा। उससे पूछताछ करने पर वह स्पष्ट कुछ नहीं बता पा रहा है। इसके बाद लोगों ने उससे उसका नाम, घर का पता और कहां जाना है पूछा लेकिन वह कुछ नहीं बताया। उसके पर एक पैर में जंजीर लगा हुआ है जिससे आशंका व्यक्त की जा रही है कि वह विक्षिप्त होगा और घर से निकल गया होगा। लेकिन वह कहां का रहने वाला है इसका पता नहीं चल पा रहा है।

# 'कफन की जगह आर्थिक सहयोग जरूरी'

**अहीर सेना के सदस्य बसिया के पंचू राय के दाह संस्कार में शामिल हुए**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बसिया प्रखंड के टांगरजरिया ग्राम के पचू राय (गोप) के निधन पर उनके अंतिम संस्कार में अहीर सेना के सदस्य समिल्लित हुए। इस दुःख की घड़ी मे परिवार का ढाढस बंधाया। अहीर सेना सदस्य लखन गोप ने अंतिम संस्कार में शामिल सभी लोगों को समझाया कि हम सभी जो कफन कपड़ा ले कर आए हैं उसका कोई उपयोग नहीं होता। इसे थोड़ी देर



में जला दिया जाता है। उसके स्थान पर हमें उस परिवार को आर्थिक सहयोग करना चाहिए। जिससे उस परिवार के लिए श्राद्ध कर्म करने में मदद हो सके। अहीर सेना सदस्य जनक गोप ने समाज के लोंगो से निवेदन किया और कहा कि ब्राह्मण भोज के दिन भी मृतक के परिजनों को कपड़ा ढकने का रिवाज चलता आ रहा है। उसे भी बंद कर उसके स्थान पर राशि देकर अपना सहयोग करना उचित होगा। बैजू गोप ने कहा कि हमारे समाज में बहुत से ऐसे परिवार है जो आर्थिक रूप से इतने सक्षम नहीं है, श्राद्ध कर्म का खर्च परिवार वालों के लिए आर्थिक बोझ बन जाता है, इस तरह का छोटा सा प्रयास भी उनका सहयोग कर सकता है।

## अंजुमन इस्लामिया ने चापाकाल दुरुस्त करने की अपील की

**गुमला (आजाद सिपाही)।** अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारियों ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से आग्रह किया है कि थाना रोड गुमला स्थित जामा मस्जिद के निकटस्थ्य चापाकल को ठीक करवा दें। इस आशय का आवेदन पत्र देते हुए अंजुमन ने कहा कि जामा मस्जिद थाना रोड गुमला के मुख्य गेट के सामने सड़क के किनारे स्थित सरकारी चापाकल पिछले कई दिनों से खराब पड़ा है। जिसका उपयोग नहीं हो पाने से मस्जिद एवं आसपास के लोगों को भारी असुविधा हो रहा है । उन्होने चापाकल को यथाशीघ्र मरम्मत कराने का निवेदन किया है।

## विधायक ने किया 'आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का उद्घाटन

**भरनो (आजाद सिपाही)** । भरनो करंज में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विधायक जीग्गा सुसारण होरो के द्वारा दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर कर कार्यक्रम का उद्घाटन किए। कार्यक्रम में परिसंपत्ति का वितरण किया गया जिसमें वृद्ध महिला एवं पुरुष को 60 कंबल, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, जॉब कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप, स्कूली छात्राओं को साइकिल खरीदी हेतु 45000 का डमी चेक, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत वितरण, बाल विकास परियोजना की तरफ से गोद भराई कार्यक्रम , स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सभी प्रकार की जांच, 100 किसानों को पौधा का वितरण किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र गुमला से दवाई छिड़काव करने का ड्रोन, विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्थानीय मुखिया को भूमि आधुनिकीकरण प्रमाण पत्र दिया गया। मौके में एलआरडीसी श्रीमती सागरी बराल, प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, अंचल अधिकारी अविनाश कुजूर, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामकृष्ण ओहदार, अंचल निरीक्षक शाहिद अनवर, सहायक अभियंता शंकर किंडो, मनरेगा बीपीओ श्रीमती रेणुका किंडो, पंचायत समिति सदस्य जहांगीर आलम, उप प्रमुख बबीता देवी सहित प्रखंड के पदाधिकारी एवं हजारों संख्या में आम जनता उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 03 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## श्री बागेश्वर धाम सरकार का औरनार आना सभी के लिए सौभाग्य की बात

### प्रबुद्ध लोगों ने की ग्रामसभा



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर से सटे गढ़वा एवं मेदिनीनगर के बीच औरनार ग्राम में वहां के प्रबुद्ध लोगों ने ग्राम सभा कर कहा कि यह पलामू ही नहीं पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है कि श्री बागेश्वर धाम सरकार झारखंड में पहली बार वह भी पलामू की धरती पर आने का निमंत्रण स्वीकार किए है। यह पलामू के साथ ही झारखंड के लिए गौरव की बात है। ग्राम सभा में सभी प्रबुद्ध लोगों ने निर्णय लिया कि यहां निजी जमीन हम सबों का लगभग 500 एकड़ में है जो पूरे गांव वाले सहर्ष इस कार्यक्रम के लिए अपनी भूमि देने को तैयार हैं। सभी लोगों ने कहा कि सरकार एवं जिला प्रशासन जल्द अनुमति दे, ताकि हम इस बड़े कार्यक्रम की तैयारी कर सकें। ग्राम के सभी लोगों ने श्री बागेश्वर सरकार कार्यक्रम की संयोजक नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर को इस कार्यक्रम में अपनी पूर्ण भागीदारी निभाने का वचन देते हुए कहा कि हम सब श्री धीरेंद्र शास्त्री जी सरकार के स्वागत के लिए व्याकुल है। जहां भी हम ग्राम वासियों की आवश्यकता होगी युवा, बुजुर्ग, महिला और पुरुष तन मन धन से खड़े रहेंगे। सभा में विशेष कर कार्यक्रम के सचिव दीना प्रसाद, नितेश सिंह, अतुल और मंटू आदि उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद में पागल सियार ने पांच लोगों को काटा



### आक्रोशित ग्रामीणों ने पीट-पीट कर उतारा मौत के घाट

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के खैरा गांव में शनिवार की सुबह एक पागल सियार ने पांच लोगों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों में एक महिला, एक लड़की और तीन पुरुष शामिल हैं। उनकी पहचान नेपुरी देवी (70), अर्जुन भगत (75) रूबी कुमारी (19), मिंटू रजक (28), कृष्णा पाल (66) शामिल हैं। सभी खैरा गांव के रहने वाले हैं। ग्रामीणों ने सभी को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार इस दिन सुबह में ग्रामीण अपने दैनिक कार्य में व्यस्त थे। तभी पागल सियार ने बैल बांध रहे एक वृद्ध को काट लिया। इसके बाद एक-एक कर अन्य सभी को काट लिया। चीख सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और सियार को मार डाला। वहीं, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर एंटी रेबीज का टीका दिया गया है। कहा कि क्षेत्र से लगातार कुत्ते और सियार के काटने से पीड़ित लोग पहुंच रहे हैं। उन्हें आवश्यक दवा और टीके उपलब्ध कराये जाते हैं।

## डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण में लालगढ़ पंचायत को मिला प्रशस्ति पत्र

**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम में विश्रामपुर प्रखंड का लालगढ़ पंचायत अव्वल स्थान पर है। इस पंचायत में भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम 99 प्रतिशत सफल रहा। इस उपलब्धि के लिए भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लालगढ़ पंचायत को प्रशस्ति पत्र दिया गया है। विभाग के प्रतिनिधियों ने पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र चौधरी को शविार को एक सादे समारोह में प्रशस्ति पत्र सौंपा गया।

### पांकी विधायक ने गैस गोदाम से बरवइया तक रोड का किया शिलान्यास

# अब नहीं चलेगी ठेकेदारों की मनमानी: डॉ शशिभूषण

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने शनिवार को पांकी-बरवईया को मुख्य सड़क से जोड़ने वाली पथ का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में कुछ ठेकेदारों द्वारा मनमानी की जा रही है। ऐसे ठेकेदारों पर नकेल कसी जा रही है। कुंदरी से महारजा पीपरा को जोड़ने वाले पथ का 10 महीने पूर्व टेंडर के बावजूद अब तक काम शुरू नहीं किया गया। पूरे पांकी विधानसभा क्षेत्र में ठेकेदारी में व्यक्ति विशेष का प्रभाव था। अब मनमानी नहीं चल रही है। अब हर वर्ग के ठेकेदारों को कार्य मिल रहा है। सभी वर्गों के लोगों को बराबरी का अधिकार है। गोईंदी, आसेहार, बौराखांड़, कंदाखांड़ सहित पिछड़े रहे गांवों को भी पक्की सड़क से जोड़ा जा रहा है। पूर्व के विधायक 400 किलोमीटर सड़क बनाने की बात करते हैं। पूरे विधानसभा में अब सड़क का नामोनिशान समाप्त हो गया। हर सड़क में हिचकोले खाते सफर होता है। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, मुखिया मिट्टी वर्मा, यशवंत कुमार, महेन्द्र मेहता, निर्मल मेहता, नवल सिंह, संजय कुशवाहा, चंदन मौर्या, नवल मेहता, मुकेश मेहता, सावन सिंह, मुखिया प्रदुमन सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ,संतोष मेहता, लाला यादव, बबलू भुइयां आदि थे।



पीसीसी पथ का शिलान्यास करते पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

## विद्यसार्थियों के बीच प्रशस्ति पत्र वितरित



**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआइटी कॉलेज में शनिवार को समारोह आयोजित कर पीएस एकेडमी से यूथ गेम एजुकेशन फेडरेशन ऑफ इंडिया राष्ट्रीय जूडो मार्शल आर्ट चैंपियनशिप के विधार्थियों के बीच प्रशस्तिपत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जुडो प्रफेक्ट स्पोर्ट एकडमी सोहरी चंद्रवंशी नर्सिंग स्कूल द्वारा किया गया। आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चन्द्रवंशी, संजय चौबे व नर्सिंग स्कूल के प्राचार्य कौशक किशोर नागर ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों के बीच प्रशस्तिपत्र वितरित किया।

## सेविका चयन में अनियमितता, ग्रामीणों में रोष, एसडीओ को सौंपा गया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के वार्ड-3 के रामबीघा के ग्रामीणों ने आंगनवाड़ी सेविका चयन में भारी अनियमितता का आरोप लगाते हुए एसडीओ को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में आरोप लगाया कि शुक्रवार को सेविका चयन के लिए तिथि निर्धारित किया गया था। इसकी विधिवत जानकारी भी ग्रामीणों को नहीं दी गयी थी, जबकि चयन समिति के अध्यक्ष व पर्यवेक्षिका चयन स्थल पर पहुंचे और एक उम्मीदवार का आवेदन लेकर मनमानी तरीके से चयन कर लिया। जबकि अन्य आवेदक के कागजात रहने के बावजूद भी तृटिपूर्ण बताकर हटा दिया गया। यह भी कहा गया है कि चयन के लिए नियमावली की जानकारी भी नहीं दी गयी। दिए गए आवेदन में सेविका चयन को निरस्त करते हुए पुनः आमसभा कर सेविका चयन की मांग की गई है। आवेदन देने वालों में अवधेश राम, माधुरी कुमारी, राधा कुमारी, कुलदीप सिंह, अनुज कुमार विश्वकर्मा, अजय सिंह, उपेंद्र कुमार यादव, संतोष यादव, जगुनी राम, संतोष यादव, मुन्नू कुमार यादव, उमा देवी, बेबी देवी, लालमुनि देवी, हेवंति देवी, कौशल्या देवी आदि शामिल है। ज्ञापन की प्रतिलिपि ग्रामीण विकास मंत्री, मुख्य सचिव और समाज कल्याण पदाधिकारी को भी दी गयी है।

## पर्यावरण संरक्षण पर पाटन व विश्रामपुर के संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** पूनम तिवारी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से संचालित पाटन व विश्रामपुर के संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में पर्यावरण संरक्षण पर पेंटिंग व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा दो से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जूनियर व सीनियर वर्ग के छात्रों ने अपनी कलात्मकता एवं ज्ञान के आधार पर कई चित्रांकन कर उन चित्रों में रंग भरे। छात्र-छात्राओं ने अपनी इच्छा एवं समझ के आधार पर विषय का चुनाव करके सुंदर चित्र प्रस्तुत किए। पर्यावरण की आवश्यकता एवं महत्व को समझाने के लिए अलग-अलग आकर्षक फेस पेंटिंग एवं स्लोगन से बच्चों ने पर्यावरण के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। प्रतियोगियों का मूल्यांकन चित्र रचना, सजावट, स्वच्छता, विषयानुकूलता एवं समय सीमा के आधार पर किया गया। वहीं, स्कूल की डिप्टी निदेशक पूनम तिवारी, प्रधानाचार्य आरके सिंह व कोऑर्डिनेटर आरती सिंह ने प्रतियोगिता में जज की भूमिका निभाई। विद्यालय की निदेशक पूनम तिवारी ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मक और कलात्मक सोच विकसित करना है। कहा कि यदि हमें हमारा भविष्य बचाना है तो सबसे पहले पृथ्वी और हमारे आसपास मौजूद पेड़ों को बचाना होगा। प्रधानाचार्य आरके सिंह ने कहा कि प्राकृतिक पर्यावरण से ही मानव का विकास संभव है।



### महत्वपूर्ण न्यूज

## केंद्रीय गृहमंत्री से मिले विश्रामपुर के विधायक झारखंड की राजनीतिक हालात पर की चर्चा



**संवाददाता विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** झारखंड के पूर्व मंत्री सह विश्रामपुर के वर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। यह मुलाकात गृह मंत्री के रांची प्रवास के दौरान हुई। विधायक चंद्रवंशी ने गृहमंत्री अमित शाह को बुके देकर सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने झारखंड की राजनीतिक पर चर्चा की। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने केंद्रीय गृह मंत्री को प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक हालात से अवगत कराया।

## विभिन्न जगहों पर सरकार आपके द्वार का आयोजन, हुआ समस्याओं का निष्पादन



**हरिहरगंज/नीलांबर पीतांबरपुर/सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** पिपरा प्रखंड के पंचायत सचिवालय में शनिवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें कई ग्रामीण लाभावित हुए। बीडीओ अनीता केरकेट्टा, मुखिया रिनू देवी, राजद प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। मुखिया रिनू देवी ने कहा कि एक ही स्थल से सभी घरों में योजनाओं से ग्रामीणों का लाभावित करना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। वहीं बीडीओ अनीता केरकेट्टा ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार पीपरा प्रखंड के सभी पंचायतों में प्रशासन द्वारा शिविर आयोजित किया जा रहा है, ताकि आपकी समस्याओं का समाधान आपके घरों में ही किया जा सके। कार्यक्रम में 95 लाभुको को धोती साड़ी और 120 लोगों को कंबल दिया गया। वहीं, अबुआ आवास के लिए 188, पेंशन 2, गुरुजी क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदकों ने 35 आवेदन जमा किए। जबकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा 174 लोगों का जांच किया गया और दवा दी गई। कार्यक्रम में 15 स्टाल लगाए गए थे। वहीं, नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के दारुडीह पंचायत सचिवालय में भी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन हुआ, जिसाक उद्घाटन बीडीओ सुकेशनी केरकेट्टा, सीओ आशीष कुमार साहू, बीपीओ विनय कुमार शर्मा, मुखिया विगन महतो ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन बीपीओ ने किया। इस दौरान कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर में स्वास्थ्य, आपूर्ति विभाग, मनरेगा, जेएसएलपीएस सहित कई विभागों के स्टाल लगाए गए थे। इस दौरान बीडीओ ने कल्याण विभाग द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत 4500 रुपए का लाभुकों के बीच चेक वितरण किया और 23 एसएचजी को 69 लाख रुपए सीसीएल किया गया। वहीं, सोना सोबरन योजना के तहत धोती, साड़ी एवं लूंगी का वितरण किया गया। मौके पर जेएसएलपीएस शिव कुमार उपाध्याय, अर्पणा मिश्रा, पंकज मेहता, आशीष तिवारी आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, नीलकमल संस्थान निंद्रा चंदवा लातेहार के कलाकारों द्वारा शनिवार को मेलाटांड़ सतबरवा में ग्रामीणों को नुक्कड़ नाटक एवं गीत के माध्यम से जागरूक किया गया। साथ ही हेमंत सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रत्येक पंचायत में लग रहे सरकार आपके द्वार शिविर में जाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया गया। बताया गया कि 15 दिसंबर को सतबरवा पंचायत में लग रहे कैंप में जाकर अबुआ आवास, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन सेमत कई योजनाओं का लाभ कैसे लें। गांव में हड़ीया-दारु बेचने वाली महिलाओं को भी जागरूक करते हुए समूह से जुड़कर झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे के योजनाओं का लाभ लेने के लिए बताया गया। मौके पर सीमंती कुमारी, बुधमनिया देवी, सीमा कुमारी, जस्मतिया कुमारी, जलाल भगत, विराज उरांव, शिवाकांत ताना भगत, महेश लोहरा और संजय राम आदि उपस्थित थे

# स्पोर्ट्स



एडिलेड स्ट्राइकर्स ने डब्ल्यूबीबीएल का नौंकी सीजन जीत लिया है। शनिवार को एडिलेड में खेले गए फाइनल मुकाबले में टीम ने ब्रिस्बेन हीट को तीन रन से हरा दिया। पिछला सीजन भी एडिलेड स्ट्राइकस ने ही जीता था।

### रोमांचक फाइनल : अंत में डिफेंड किये 13 रन, अमांडा ने लिये तीन विकेट

# एडिलेड स्ट्राइकस ने लगातार दूसरी बार जीता वीमेंस बिग बैश लीग, ब्रिस्बेन हीट को तीन रन से हराया

एजेंसी



**एडिलेड।** एडिलेड स्ट्राइकर्स ने डब्ल्यूबीबीएल (विमेंस बिग बैश) का नौवां सीजन जीत लिया हैं। शनिवार को एडिलेड में खेले गए फाइनल मुकाबले में टीम ने ब्रिस्बेन हीट को 3 रन से हराया। एडिलेड स्ट्राइकर्स ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी चुनी और सीमित 20 ओवर में 5 विकेट खो कर 125 रन बनाए। जवाब में ब्रिस्बेन हीट 20 ओवर में 8 विकेट पर 122 रन ही बना सका। एडिलेड का यह लगातार दूसरा डब्ल्यूबीबीएल खिताब है। टीम ने पिछले सीजन फाइनल में सिडनी सिक्सर्स को हरा कर अपनी पहला डब्ल्यूबीबीएल जीता था। बल्लेबाजी में एडिलेड की ओर से लौरा वुलवार्ट ने 39 रन बनाए। वहीं, गेंदाबाजी में अमांडा जेड वेलिंगटन ने 3 विकेट लिए।

### आखिरी ओवर में 13 रन डिफेंड किये

आखिरी ओवर में जीत के लिए हीट को 13 रनों की जरूरत थी, ऐसे में मैच किसी भी तरफ जा सकता था। लेकिन अंत में अमांडा-जेड वेलिंगटन ने हीट बैटर्स को रन बनाने नहीं दिए। आखिर में 13 रन डिफेंड करने के साथ वेलिंगटन प्लेयर ऑफ द मैच बनीं। वहीं, एडिलेड ने पहले बल्लेबाजी की। टीम की ओर से लॉरा वोल्वार्ट और कप्तान ताहिलीया मैक्ग्रा ने क्रमशः 39 और 38 रन बनाकर स्ट्राइकर्स को 125 रन के स्कोर तक पहुंचाया। वोल्वार्ट और मैक्ग्रा को छोड़कर, स्ट्राइकर के किसी भी बल्लेबाज को परिस्थितियों का अंदाजा नहीं था। इनके अलावा, कैटी मैक 3, ब्रिजेट पैटरसन 11 और मैडेलीन पैना 9 रन बना कर आउट हुए। जॉर्जिया एडम्स 6 रन और अमांडा वेलिंगटन 9 रन बना कर नाबाद रहे। हीट से बॉलर निकोला हैनकॉक ने 5.75 की इकोनॉमी से रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं, जैस जॉनासन और जॉर्जिया वॉल को 1-1 विकेट मिले। स्ट्राइकर्स ने सीमित 20 ओवर में 5 विकेट खो कर 125 रन बनाए।

### एडिलेड स्ट्राइकर्स ने दूसरी बार जीता डब्ल्यूबीबीएल

एडिलेड स्ट्राइकर्स ने दूसरी बार डब्ल्यूबीबीएल जीता। अब खिताबों के मामले में एडिलेड ने सिडनी सिक्सर्स, ब्रिस्बेन हीट और सिडनी थंडर की बराबरी कर ली हैं। इस सभी टीमों के पास 2-2 खिताब हैं। वहीं, पर्थ स्कॉचर्स के पास एक खितबा है, जो उसने 2021-22 में जीता था।

## चैंपियंस ट्रॉफी: हुलहुंडू ने टाटीसिलवे को हराया

आजाद सिपाही संवाददाता

